ज्ञानामृत

कबिरा घास न निन्दिये जो पाँवन तर होय। उड़ि के परै जो आँख में खरो दुहेलो होय?

▶▶ कबीर


राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, गुरुवार, 08 मई 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 143 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-


## ऑपरेशन सिंदूर: भारत ने पहलगाम हमले का लिया बदला, पाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं, 9 आतंकी ठिकानों ध्वस्त कर 100 आतंकी किए ढेर

# भारत का प्रहार, पाक में हाहाकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे।



### राष्ट्रपति मुर्मू से मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के सटीक हमलों के बारे में जानकारी दी।



### भोपाल में जश्न

**विजय मत, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी के नेतृत्व में जिला भोपाल द्वारा बुधवार को रोशन पुरा चौराहे पर पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया एवं भारतीय सेना को बधाई दी। इस दौरान पार्षद श्रीमती ब्रजुला सचान, पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता, मुकेश दहाड़े, पारस नरवरिया, अनुपम राकेश जैन, राजू अनेरा सहित पार्टी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नापाक ने एलओसी पर रातभर की गोलीबारी 12 निर्दोषों की मौत और 57 घायल

पहलगाम आतंकी हमले के ठीक 15वें दिन मंगलवार रात करीब 1:44 बजे भारत ने पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला कर दिया, जिससे पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने अपनी बौखलाहट दूर करने के लिए जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर रातभर गोलीबारी की है। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रातभर पाकिस्तानी सेना की ओर से की गई भारी गोलीबारी में 12 नागरिकों की मौत



हो गई। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा मिसाइल हमले किए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना भी गोलाबारी का बराबर जवाब दे रही है।

### पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले नहीं किए: भारत

इंडियन आर्मी ने कहा कि स्ट्राइक में केवल आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए हैं। किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने पर हमला नहीं किया गया। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर के ठिकानों को ही टारगेट के तौर पर सिलेक्ट किया गया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया।

### सीएम यादव बोले- पीएम मोदी जो कहते हैं वह होता है



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय सेना की पोस्ट को रीपोस्ट किया और लिखा—भारत माता की जय। ये नया भारत है, भारतीय सेना जिंदाबाद, जय हिंद। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने भी इस सैन्य कार्रवाई को लेकर गर्व व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने भी भारत माता की जय, जय हिंद लिखा। यह कार्रवाई न केवल आतंकी ठिकानों पर सीधा हमला है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत अब हर हमले का जवाब दृढ़ता से देगा।

### खड़गे बोले- सेना की बहादुरी को सलाम



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश की सेना की बहादुरी को सलाम है। उनके साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारे भारतीय शस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके के अंदर के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई की।

### हममें से कोई भी युद्ध नहीं चाहता: उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, हममें से कोई भी युद्ध नहीं चाहता...हम चाहते हैं कि स्थिति फिर से सुधरे, लेकिन पहले हमारे पड़ोसी देश (पाकिस्तान) को अपनी बंदूकें नीचे रखनी होंगी।

### कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा-



मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। पाकिस्तान में 3 दशकों से आतंकवादियों का निर्माण हो रहा है। हमले के बाद भी यह सामने आया है। हमने पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया।

### कांग्रेस ने एक स्वर में किया 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन


कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था।

### पीएम ने सुरक्षा बलों की तारीफ की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। दरअसल, भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की।

### शाह बोले- हमारी सेना पर गर्व



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हमें अपनी सेना पर गर्व है। मोदी सरकार का संकल्प है कि भारत और इसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत आतंकवाद को उसकी जड़ों से समाप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारी सेना के इस साहसिक कदम से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत किसी भी चुनौती का डट कर सामना करेगा और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

### राजनाथ ने सेना की तारीफ की



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक संबोधन के दौरान पाकिस्तान को जमकर धोया है। उन्होंने बीआरओ के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। राजनाथ ने कहा कि भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है।

### वीडियो दिखाए गए हमले के प्रमाण

इस दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी ने कुछ वीडियो भी दिखाए जिसमें आतंकी शिविरों को नष्ट करते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि, पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी। इसे लेकर सरकार ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हमले के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

### पाक रक्षा मंत्री बोले- हम पीछे हटने को तैयार

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है। लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। अगर भारत पीछे हटने को तैयार है तो हम भी कदम नहीं उठाएंगे। पाकिस्तान अपनी तरफ से शांति का प्रस्ताव रख रहा है और तनाव को बढ़ने से रोक रहा है।

### जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर ने माना- 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए परिवार के 10 लोग'



आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर ने माना कि बुधवार की सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य मारे गए। मसूद का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल है। मसूद ने कहा, मेरे परिवार के 10 सदस्य जिनमें पांच बच्चे, मेरी बड़ी बहन और उसका पति, मेरा इस्लामिक विद्वान भतीजा, उसकी पत्नी और मेरी भतीजी शामिल हैं।

### आज होगी सर्वदलीय बैठक

पहलगाम आतंकी हमले का प्रतिशोध भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के जरिए लिया है। वहीं इसके बाद अब केंद्र सरकार ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जिसमें सेना की कार्रवाई समेत कई मुद्दों पर मंथन और विचार रखे जाएंगे। भारत के रक्षा बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हमले किए हैं। इन हमलों का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना था।

### भारत की सैन्य कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण: चीन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 7 मई को पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। हम मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं।

### कश्मीर यूनिवर्सिटी ने सभी एग्जाम कैंसिल किए

पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद श्रीनगर स्थित कश्मीर यूनिवर्सिटी में सभी एग्जाम कैंसिल कर दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी ने कहा कि परीक्षाओं की नई तारीखें बाद में जारी की जाएंगी।

### पंजाब के 4 जिलों में स्कूल बंद

पंजाब के पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का और फिरोजपुर जिलों में सुरक्षा कारणों से सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। विशेष आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले के सभी स्कूल आगामी आदेश तक बंद रहेंगे।

### लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर की मौत

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,मुरिदके स्थित मरकज तैयबा पर की गई एयर स्ट्राइक में लश्कर-ए-तैयबा के हाई वैल्यू टारगेट हाफिज अब्दुल मलिक मारा गया। हाफिज अब्दुल मलिक संगठन के रणनीतिक अभियानों से जुड़ा एक अहम चेहरा माना जाता था।

## भोपाल के मॉल में लगी आग, पुलिस ने किया रेस्क्यू 5 जगह हुई मॉक ड्रिल



**विजय मत, भोपाल**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एमपी के भी पांच शहरों को मॉक ड्रिल के लिए चुना गया था। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं। भोपाल में शाम 4 बजे डीबी मॉल में आग से बचाव और लोगों को बाहर निकालने के साथ नूतन कॉलेज में बने अस्थाई अस्पताल पहुंचाने की रिहर्सल की गई। वहीं न्यू मार्केट में भी लोगों को हमले के दौरान सुरक्षित निकलने की रिहर्सल हुई। भोपाल के भेल परिसर में पिपलानी थाने के पीछे भी मॉक ड्रिल की गई। इसमें घायलों का रेस्क्यू किया गया। ड्रिल के दौरान सीपीआर देना भी सिखाया गया। एक नकली हमले की स्थिति में घर में आग लगने का दृश्य दिखाया गया, जहां फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया और घायलों को सुरक्षित निकाला। डीबी मॉल से मरीजों को लेकर एंबुलेंस नूतन कॉलेज में बनाए गए अस्थाई अस्पताल पहुंची।

### 12 मिनट तक शहर में छाया रहा अंधेरा

मॉक ड्रिल के तहत शाम 7.30 बजते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। करीब 12 मिनट तक शहर में अंधेरा छाया रहा। इसके बाद लोगों ने घरों, दुकानों और वाहनों की लाइट ऑन कर दी। पूरे घटनाक्र म को लेकर पुलिस-प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से वीडियो भी बनाए। साढ़े सात बजे पुलिस ने वाहनों को रोक-रोककर लाइट बंद कराई। शहर में लोगों ने घर के अंदर रहकर ही घरों की बिजली बंद कर दी। अस्पताल परिसर, होटल, मॉल की बिजली भी बंद रही। हालांकि कई लोगों ने अंधेरे की वीडियो रिकॉर्डिंग करने के लिए अपने मोबाइल चालू किए। पुराने शहर के राजा भोज सेतु पर ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया गया। गाड़ियों की लाइट के साथ साथ वीआईपी रोड की भी लाइट लगभग बंद हो गई। ताजुल मसाजिद सहित भोपाल के मैदानी इलाके में पूरी तरह से ब्लैकआउट रहा। सभी गाड़ियां लगभग थम गई। रेड अलार्म बजाने के साथ ही ब्लैक आउट का असर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर दिखा। इस दौरान लोगों ने गाड़ियों के लाइट को बंद रखा।

## करेंगुट्टा ऑपरेशन में 22 से ज्यादा नक्सली ढेर, सीएम साय बोले- सभी शव बरामद

**विजय मत, जगदलपुर**



छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सरहद पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ में सुरक्षाबलों ने 22 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया है। फायरिंग अब भी जारी है। सीएम साय ने कहा कि मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। ऑपरेशन जारी है। दो दिन पहले ही करेंगुट्टा की पहाड़ी पर मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया था। मौके से शव और हथियार बरामद किया गया। पिछले 14 दिनों से चल रहे नक्सल ऑपरेशन पर फोर्स ने अब तक कुल 4 महिला नक्सलियों को ढेर किया है। चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इससे पहले एनकाउंटर के बीच सोमवार को यहां सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सागर बोराडे आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गए। धमाका इतना जोरदार था कि उन्हें अपना पैर गंवाना पड़ा। घायल कमांडेंट को देल्ही रेफर किया गया है। यहां एम्स में उनका इलाज जारी है।

## रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से किया संन्यास का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया।



## मप्र के कई जिलों में छाए बादल, हुई हल्की बारिश, कई जिलों के तापमान में गिरावट

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहे कुछ जगह बूंदाबांदी भी हुई। इस वजह से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिन यानी, 10 मई तक ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम एक्टिव रहेगा। प्रदेश के 29 जिलों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को कई शहरों के तापमान में गिरावट देखी गई। इंदौर में तामपान 3.8 डिग्री गिरकर 28.6 डिग्री पर पहुंच गया। इंदौर पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। पचमढ़ी में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। बुधवार को किसी भी शहर में तापमान 40 डिग्री के पार नहीं पहुंचा। नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा 39.6 डिग्री पहुंचा। खजुराहो में 39.4 डिग्री, रीवा में 38.5 डिग्री, सीधी-मंडला में 38.4 डिग्री, उमरिया में 38.1 डिग्री और शिवपुरी-सतना में 38 डिग्री दर्ज किया गया।

**मौसम विभाग के अनुसार** आज इंदौर, उज्जैन, गुना, नर्मदापुरम, बैतूल, नीमच, मंदसौर आगर-मालवा, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी का दौर रह सकता है।

## बीआई निदेशक प्रवीण सूद को सेवा विस्तार, एक साल के लिए बढ़ाया गया कार्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे। उनके कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया।



विजय मत एंकर

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

## सभी शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल उपलब्ध कराएं

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित सखी-निवास सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और पोषण की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग निश्चित कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें। आंगनवाड़ी भवनों की उपलब्धता और रख रखाव के लिए नगरीय निकायों और पंचायतराज संस्थाओं से भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए ÷मोटी आई÷ अभियान पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। नवाचार को अनुकरणीय बताया गया। समीक्षा में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभागीय प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूखी बली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

आंगनवाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। प्रोटीन युक्त भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दुग्ध संघों से आंगनवाड़ी के बच्चों को दूध भी आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाए। गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को भी सम्पूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनवाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए।

## न्यूज इन शॉर्ट



### ज्ञानोदय की मेधावी छात्रा श्रेया कुशवाहा का 10वीं बोर्ड में श्रेष्ठ प्रदर्शन

शहडोल। ज्ञानोदय हायर सेकेण्डरी स्कूल शहडोल की मेधावी छात्रा श्रेया कुशवाहा ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, उनके माता पिता रिश्तेदारों एवं ईष्ट मित्रों ने बधाई देते हुये उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

### पानी आप बचाओं, पानी आपको बचाएगा



शहडोल। पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरपालिका शहडोल अंतर्गत घरौला मोहल्ला स्थित तालाब में स्व-सहायता समूह की महिलाएं जिन्हें जल मित्र का दायित्व दिया गया है, नगरपालिका शहडोल टीम एवं जन भागीदारी से जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुदेला ने बताया कि स्व सहायता समूह की महिलाए जल मित्र के रूप वार्डो हो रहे जल प्रदाय की गुणवत्ता की परीक्षण का कार्य भी करेगी जिन्हे प्रषिक्षण दिया जा रहा है। उक्त कार्य में पार्षद सिल्लू रजक, नोड़ल अधिकारी उप यंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, स्वच्छता प्रभारी मोतीलाल सिंह सहित जनमानस ने अपनी भूमिका निभाई।

### कुश यादव ने किया विद्यालय का नाम रोशन



बरगवां।ओ पी एम हायर सेकेंडरी स्कूल अमलाई शहडोल के सीबीएसई विद्यालय में अध्यनरत छात्र कुश यादव कक्षा 10 दसवीं में 91त्न परीक्षा परिणाम कुल प्राप्तांक 500 में से में से 457 नंबर प्राप्त किया है।पिता अरविंद यादव और माता श्रीमती ममता यादव सहित विद्यालय का गौरव बढ़ाया है साथ ही नगर परिषद बरगवां के वार्ड क्रमांक 3 में निवासरत हैं जहां वार्ड के प्रतिनिधि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता और भाजपा के मीडिया प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा, सुभाष मिश्रा सुरेंद्र गुप्ता अभिषेक गुप्ता शैलेंद्र मिश्रा आनंद मिश्रा विपिन यादव जितेंद्र यादव एवं संभ्रांत नागरिकों ने और उनके साथ उनके इष्ट मित्रों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### घर से दूर रहकर हिना देवी ने की पढाई, मेरिट में बनाया स्थान



शहडोल। सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद हिना देवी ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। मूल रूप से अनूपपपुर जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली हिना देवी ने घर से दूर रहकर संभागीय मुख्यालय शहडोल के ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कला संकाय में कक्षा 12वीं अध्ययरत थी और पढ़ाई की, कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक मिसाल कायम की है। परीक्षा में न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा कर जिले का नाम भी रोशन किया। सीमित साधनों के बीच रहकर उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और समाज के उन युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं जो कठिनाइयों से घबराते हैं। हिना देवी का कहना है कि कक्षा 12वीं के लिए वो हर दिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थीं. इसके लिए उन्होंने अपना रूटीन तय कर रखा था. स्कूल से आकर घर के काम के लिए भी समय निर्धारित कर रखा था और फिर जो भी समय बचता था उसमें सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई करती थी. हिना ने कहा, मुझे सिविल सर्विसेस में जाना है. इसलिए मैंने आर्ट सब्जेक्ट लिया था। अभी ग्रेजुएशन करने के बाद सिविल सिर्विस की तैयारी करूंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए थे।

---

दूध और उससे बने उत्पाद बन रहे सेहत के दुश्मन, खुलेआम बिक रहा सफेद ज़हर

# शहडोल में गर्मी के साथ बढ़ी मिलावटखोरी की तपिश

**विजय मत, शहडोल**

शहडोल नगर में गर्मी के मौसम में जहां दूध की मांग तेजी से बढ़ रही है, वहीं विक्रेताओं द्वारा मिलावटी दूध और उत्पादों की सप्लाई भी चरम पर पहुंच चुकी है। स्थिति इतनी गंभीर है कि अब दूध में पानी नहीं बल्कि पानी में दूध मिलाकर बेचा जा रहा है। शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले विक्रेताओं द्वारा खुलेआम मिलावटखोरी की जा रही है।




### खाद्य विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

मिलावटखोरी पर लगाम लगाने के लिए जिम्मेदार खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय बना हुआ है। न तो निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है और न ही किसी प्रकार की सैंपलिंग। शहर में एक भी दुकान या डेयरी ऐसी नहीं दिख रही, जहां गुणवत्ता की जांच की गई हो। इससे मिलावटखोरों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं।

### धीमा ज़हर बन रहे मिलावटी उत्पाद

विशेषज्ञों की मानें तो यह मिलावटी दूध और उससे बने उत्पाद शरीर के लिए धीमा ज़हर साबित हो रहे हैं। लंबे समय तक इनके सेवन से किडनी, लिवर व पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ रहा है। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

### ग्रामीण इलाकों में भी नहीं बचा दूध शुद्ध

ग्रामीण क्षेत्रों में भी दूध के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी हो रही है। छोटे विक्रेता जिनके पास पहले साइकिल थी, अब दो-पहिया वाहनों में दूध लेकर आ रहे हैं। इनकी कमाई का कारण भी मिलावट है, क्योंकि शुद्धता की कोई जांच नहीं हो रही।

### नकली खोवा-पनीर का जाल फैला

इन दिनों मिलावटी दूध से खोवा, पनीर और मिठाइयां बनाई जा रही हैं। यह सामान न सिर्फ शहडोल नगर में खप रहा, बल्कि आसपास के जिलों - अनूपपुर, उमरिया, जयसिंहनगर, ब्यौहारी - में भी भेजा जा रहा है। गर्मियों में इन उत्पादों का अधिक सेवन आमजन की सेहत के लिए खतरे की घंटी बन चुका है।

### जरूरत है ठोस कदमों की

स्थानीय प्रशासन व खाद्य विभाग को अविलंब सक्रिय होकर सख्त अभियान चलाना चाहिए। दूध और उससे बने उत्पादों की नियमित सैंपलिंग कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि आमजन को मिलावट से बचाया जा सके।

---

# श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा 9 मई को

**विजय मत, धनपुरी**

धनपुरी नगर के अंदर मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा 9 मई को श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है मां ज्वालामुखी मंदिर के पास ही श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर मौजूद है जहां पर श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 9 मई को यह धार्मिक कार्यक्रम की तिथि रखी गई है और इसके साथ ही इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है।




मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा इस पूरे धार्मिक आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई मंगलवार को मंडप प्रवेश देवताओं का आवाहन एवं पूजन कार्यक्रम शुरू होगा 7 मई को पूजन जलाधिवास अन्नाधिवास फलाधिवास कार्यक्रम शुरू होगा इसके साथ ही 8 मई को उपनयन संस्कार एवं शाम 5ः00 बजे श्री लक्ष्मी नारायण प्रभु जी का नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित होगा इसके बाद 9 तारीख को लक्ष्मी नारायण प्रभु जी का भाव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम महोत्सव आयोजित किया जाएगा जिसे लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है वहीं 10 तारीख को पूजन हवन एवं प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा।

मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि उपनयन संस्कार में सम्मिलित अतिथियों के ठहरने एवं भोजन प्रसाद की निशुल्क व्यवस्था भी समिति के द्वारा की जाएगी धनपुरी नगर के अंदर जिस तरह से इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है उसे लेकर भक्तों के अंदर भी उत्साह देखा जा रहा है समिति लगातार इस आयोजन को लेकर तैयारी में लगी हुई है 5 दिनों तक यह धार्मिक आयोजन चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे इस बात को कहा जा रहा है।

ज्ञात होगी मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमें लाखों लोग सम्मिलित हुए थे और इस आयोजन की पूरे जिले भर में सराहना की गई थी अब मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा इस धार्मिक आयोजन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसे लेकर समिति के सभी सदस्य तैयारी कर रहे हैं।

---

### जिले की मैरिट सूची में भारत माता स्कूल के पांच छात्र-छात्राओं का नाम शामिल




राशि परचानी | ओम गुप्ता | पलक भारतद्वाज | आयुष निगम | शिव सिंह

**विजय मत, शहडोल**

भारत माता हायर सेकेण्डरी स्कूल, पांडवनगर शहडोल के छात्र/छात्राओं ने शहडोल जिले की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुये विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के वाणिज्य विषय कामर्स में राशि परचानी पिता जितेन्द्र परचानी ने 93प्रतिशत अंक अर्जित कर शहडोल जिले की मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार ओम गुप्ता पिता रामसंत गुप्ता ने कृषि संकाय में जिले की मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में शिवा सिंह ने 92प्रतिशत अंक एवं बॉयलोजी जीव विज्ञान संकाय में आयुष निगम ने 94प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आर्ट विषय ;कला संकायद्ध में पलक भारद्वाज ने 90प्रतिशत अंक अर्जित किये। इस प्रकार विद्यालय के कक्षा 12वीं में कुल 60 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्राचार्य किशोर श्रीवास्तव ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 20 मई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त यूनियनों का कन्वेंशन 5 मई को सी एम पी डी आई में सम्पन्न



**विजय मत, धनपुरी**

एच एम एस , एटक, इंटक, सीटू चारों युनियनों के चारों फ़ेडरेशनों के नेता क्रमशः एस क्यू जामा (इंटक) सिद्धार्थ गौतम एच एम एस हरिद्वार सिंह एटक जी के श्रीवास्तव सीटू की अध्यक्षता में कन्वेंशन आयोजित किया गया कन्वेंशन का उद्घाटन हरभजन सिंह सिद्धू राष्ट्रीय महासचिव एच एम एस ने किया सभी युनियनों तीन तीन वक्ताओं ने अपने बिचार ब्यक्त किए जिसमें रामटेक महाराष्ट्र के सांसद श्याम कुमार विधायक जयमंगल सिंह एस क्यू जामा ए के झा इंटक राजेश सिंह रघुनन्दन राघवन रणविजय सिंह एच एम एस सी जे जोसेफ़ अशोक यादव लखन लाल महतो एटक डी डी रामानंदन अरुप चट्टर्जी बिधायक जयनारायण महतो आर पी सिंह सीटू ने 20 मई की कोयला उद्योग में मुकम्मल हड़ताल करने के लिए ज़ोरदार अपील किया वक्ताओं ने कहा कि जिस तरीक़े से भारत सरकार चार लेबर कोर्ड लाकर मज़दूरों के अधिकार छीन रही है उसका मुक़ाबला करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है यह वह समय था जब

हमारे पूर्वजों ने क्रांतिकारीयो अंग्रेज़ों द्वारा लाये इन्हीं क़ानूनों के लिए बलिदान दिया और क़ानून लागू नहीं होने दिया 750 किसानों ने शहादत दी किन्तु तीन कले कृषि क़ानून लागू नहीं होने दिया अब मज़दूरों के परीक्षा की घड़ी है बक्ताओ ने कहा चार लेबर कोड लागू होने के बाद ट्रेड यूनियन बनाना मुश्किल हो जाएगा।

---

### जनप्रतिनिधियों की एक टीम जनसुनवाई में पहुंचकर जिला प्रशासन सहित अन्य अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, धनपुरी**

रामपुर बटूरा खुली खदान परियोजना के अंतर्गत प्रभावित किसानों के नेतृत्व करने वाले जनप्रति निधि एवं किसान नेताओं की टीम आज सुबह मंगलवार जनसुनवाई में शहडोल जिला कलेक्टर महोदय के यहां पहुंचकर ज्ञापन सौंपा तत्पश्चात एसडीएम सोहागपुर को भी उन्होंने अपनी आप बीती बताइ इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर डीएसपी राघवेंद्र द्विवेदी को पूरी जानकारी विस्तार से दी पश्चात सोहागपुर एरिया महाप्रबंधक पी कृष्णा को ज्ञापन की काफी सौंपा अंत में अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा को ज्ञापन की जानकारी देते हुए विस्तार से अपनी समस्याओं को रखा गया अपने रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर खासकर पुनर्वास पुनर्स्थापना पर संपत्ति की मुआवजा रुके रोजगारों की फाइल सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए किसान नेताओं ने बिंदुवार चर्चा की तत्परता के साथ सोहागपुर एसडीएम साहब के द्वारा



अस्वस्त कराया गया की अति शीघ्र जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार एसईसीएल सोहागपुर एरिया की टीम को बुलाकर किसानों की समस्याओं के संदर्भ में बात की जाएगी लेकिन किसानों में घोर नाराजगी है 209 में रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना का अधिग्रहण किया गया पहली मुआवजा भुगतान की गई रोजगार के प्रक्रिया 2023 से शुरू हुआ डी आर सी सी की बैठक में निश्चय किया गया था 90 दिन के अंदर पुनर्वास, पुनर्स्थापना स्थापना की कार्यवाही अति शीघ्र किया जाएगा लेकिन 10 वर्ष हो गया लेकिन खदान अपने फूल ताकत से चल रही है उत्पादन में सोहागपुर एरिया पूरे कोल इंडिया में अव्वल है अग्रणी भूमिका में है लेकिन किसानों की दुर्दशा देखना हो तो रामपुर पहुंच कर देखा जा सकता है जिस तरह से ब्लास्टिंग हो रहा है रहने लायक घर नहीं रह गए पुनर्वास नहीं हो रहा है गांव के नजदीक तक खदान पहुंच चुकी है ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ा घटना घट सकती है तो क्या एसे मौके का इंतजार किया जा रहा है किसान नेताओं ने कहा है हम पुनः एक बार सात दिवस का समय देते हैं किसानों से आकर ग्राम सभा कर बैठक प्रशासन की उपस्थिति में किया जाकर समस्या का निराकरण करें।

### बुढ़ार पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत 02 कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टाध्जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कॉलेज तिराहा के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी गोलू उर्फ साहिल गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड 10, भूतई मोहल्ला, थाना बुढ़ार, शहडोल के पास के कब्जे से सट्टा खिलाने से प्राप्त नगदी 380 रुपये एवं एक अदद् सट्टा पर्ची, पेन एवं एक अदद् सैम्संग मोबाइल जब्त किया गया । पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्र.आर. चेतराम कौशिक की सराहनीय भूमिका रही।

---

**कब्जा** हाईवे किनारे खुलेआम धोखाधड़ी, प्रशासन मौन, पूर्व कलेक्टर ने हटवाया था अतिक्रमण, फिर कब्जा कर लिया गया

# मुआवजा लेने के बाद फिर किया अतिक्रमण

**विजय मत, शहडोल**

संभाग मुख्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था इतनी लचर हो चुकी है कि अब यह मुख्यालय कम और एक सामान्य तहसील अधिक प्रतीत होती है। माफिया तत्वों की हिम्मत इतनी बढ़ चुकी है कि वे खुलेआम शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध निर्माण कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के समीप राजेन्द्र सिंह चौक पर ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां एक भू-स्वामी ने मुआवजा लेने के बाद भी उसी भूमि पर अतिक्रमण कर व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर लिया।

### पूर्व कलेक्टर ने हटवाया था अतिक्रमण

सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा सरकार द्वारा पूर्व में ही भू-स्वामी को दिया जा चुका था। तत्पश्चात पूर्व कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने नियम के तहत




अतिक्रमण हटवा दिया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के पश्चात उसी भू-स्वामी ने पुनः भूमि पर कब्जा कर लिया और वहां व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर दिया। यह स्पष्ट रूप से शासन और विधि के साथ धोखाधड़ी का मामला है।

### शिकायतें हुईं, कार्रवाई नहीं

इस गंभीर मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कलेक्टर तथा संभागीय आयुक्त से की जा चुकी है, लेकिन अब तक न कोई कार्रवाई हुई और न ही अतिक्रमण हटाया गया। इससे प्रशासनिक अमले की निष्क्रियता और मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है।

### प्रशासनिक लापरवाही बन सकती हैं दुर्घटनाओं का कारण

दुकानों के निर्माण से हाइवे पर यातायात बाधित हो रहा है। सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट रूप से नहीं दिखते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई छोटी-मोटी घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?

### एमपीआरडीसी की चुप्पी भी सवालों के घेरे में

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एमपीआरडीसी, जिसे मुआवजा देने के बाद भूमि पर स्वामित्व प्राप्त हुआ था, ने अब तक किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं कराई। यह संस्था यदि समय रहते कदम उठाती, तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती।

### जनहित में शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता

यह मामला केवल अतिक्रमण या अवैध निर्माण का नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक प्रणाली की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है। यदि प्रशासन समय रहते सजग हो जाए और उचित कार्रवाई करे, तो एक ओर कानून का सम्मान बहाल होगा और दूसरी ओर जनहित की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान के भाग-ख में विकास कार्यों को दी मंजूरी

# सार्वजनिक उपयोग के स्थायी प्रकृति के ठोस काम कराए जाएं : सीएम मोहन

■ 12 जिलों में 502 करोड़ की लागत से विकास कार्यों को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति

विजय मत, भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान के तहत अर्जित फंड एक रिजर्व फंड है। इस फंड से जिलों के खनन प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक हित और सबके उपयोग के लिए स्थायी प्रकृति के ठोस काम ही कराए जाएं। काम ऐसे हों, जिसका लाभ अधिकतम लोगों को मिले। इस (डीएमएफ) मद से स्कूल भवन, अस्पताल, सामुदायिक भवन, औषधालय भवन, पशु चिकित्सालय/औषधालय, खेल मैदान सहित विशेष पिछड़े एवं कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहट क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार स्थायी श्रेणी के काम कराए जाएं। उन्होंने कहा कि अस्थायी प्रकृति के एवं मरम्मत आदि के काम संबंधित विभागों के विभागीय बजट से कराए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जिला खनिज प्रतिष्ठान के भाग-ख के तहत हो सकने वाले विकास कार्यों की मंजूरी के लिए आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के खनन क्षेत्रों वाले जिलों में जिला खनिज प्रतिष्ठान से प्राप्त राशि में से 502 करोड़ रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इस निर्णय से खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के विकास एवं उन्नयन कार्य किए जा सकेंगें। सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब जिला खनिज प्रतिष्ठान से प्रदेश के डिण्डौरी, शहडोल, अनूपपुर, बड़वानी, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, अलीराजपुर, शिवपुरी, सागर, रीवा, बैतूल आदि जिलों में विभिन्न श्रेणी के विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें डिण्डौरी जिले में आयुर्वेदिक महाविद्यालय का निर्माण, शहडोल जिले की सोन नदी पर बैराज/एनिकट का निर्माण, अनूपपुर जिले के कोतमा के चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय अधोसंरचना का निर्माण प्रमुख रूप से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बड़वानी जिले में भीलटदेव मंदिर नागलवाड़ी के तलहटी से मंदिर तक पहुंच मार्ग का निर्माण भी डीएमएफ मद से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन कामों को जल्द से जल्द पूरा कराया जा सकता हो, वे काम पहले कराए जाएं। स्कूलों में आवश्यकतानुसार पेयजल व्यवस्था के लिए टंकी निर्माण, बाउंड्री वॉल निर्माण जैसे काम तत्काल कराए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को इनका शीघ्र लाभ मिले।

मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव खनिज साधन उमाकांत उमराव तथा संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म फ्रेंक नोबल.ए. सहित अन्य विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव खनिज साधन उमराव ने बैठक में बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (भाग-ख) में वर्तमान में 1681 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं। इस राशि से छोटे बड़े सभी श्रेणी के काम कराए जा सकते हैं। इस राशि से उच्च प्राथमिकता क्षेत्र (60 प्रतिशत) के तहत 1008.6 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि शासन द्वारा खर्च की जा सकती है। उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल प्रदाय, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य की देखभाल, स्वच्छता सुधार, कौशल विकास, वृद्धजन एवं निःशक्तजन कल्याण तथा महिला एवं बाल कल्याण संबंधी कार्य विशेष रूप से चिन्हित किए गए हैं।


## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर संस्कृति बचाओ मंच ने मनाया जश्न, पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग




विजय मत, भोपाल

भोपाल में संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक के समर्थन में जश्न मनाया। नर्मदा भवन चौराहे पर आतिशबाजी की गई और मिठाइयों का वितरण कर कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना और केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि भारत की सनातनी जनता अब पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई चाहती है। पाकिस्तान की सेना और सरकार लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, ऐसे में अब केवल सीमित कार्रवाई नहीं, बल्कि पूरे पाकिस्तान को खत्म कर देना समय की मांग है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना द्वारा नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब देश आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपना चुका है।

### इंदौर में मना एयर स्ट्राइक का जश्न, 56 दुकान पर व्यापारियों ने खुशी में नहीं लिए ग्राहकों से पैसे



**इंदौर।** पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक का जश्न इंदौर में मनााया गया। सुबह कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर और नाच गा कर अपनी खुशियों का इजहार किया। इंदौर की फूड स्ट्रीट 56 दुकान पर सुबह जो लोग नाश्ता करने पहुंचे।उनसे व्यापारियों ने पैसे नहीं लिए।

## ऑपरेशन सिंदूर पर मुस्लिम समुदाय ने 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के लगाए नारे, कांग्रेस-भाजपा ने खुशियां मनाई



**सीहोर।** सीहोर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। 15 दिन पहले कश्मीर की पहलगाम घाटी में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक निर्दोष लोगों की मौत हुई थी। इस दौरान विवाहिताओं के सामने ही उनका सुहाग छीना गया था। इधर 15 दिन बाद भारत की सेना ने भी सिंदूर का बदला सिंदूर से ले लिया है। इस ऑपरेशन की सफलता पर मुसलमानों ने जहां भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए, वहीं कांग्रेस और भाजपा ने पटाखे चलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न पूरे जिले में चलता रहा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कार शो-रुम से निकले रिटायर्ड प्रिंसीपल को बाइक ने मारी टक्कर

**भोपाल।** शहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक ने पत्नि के साथ पैदल जा रहे वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर मारने वाली बाइक की जानकारी नहीं मिल सकी है। घायल वृद्ध रिटायर्ड प्रिंसीपल है, जो कार सर्विसिंग के लिये डालकर पत्नी के साथ शो-रुम बाहर निकले थे। थाना पुलिस के अनुसार मुकेश श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय प्रभुदयाल श्रीवास्तव (66) विदिशा जिले के मुखर्जी नगर में रहते हैं। बीती दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपनी पत्नी दिव्या श्रीवास्तव के साथ कार लेकर जिंसी के नजदीक सीआई हुंडई शोरुम आए थे। यहॉ कार को सर्विसिंग पर देने के बाद मुकेश श्रीवास्तव शोरुम से बाहर निकले। उसी समय तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मुकेश श्रीवास्तव को सिर, आंख, नाक और कंधे में चोट आई है। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती पहुंचाया गया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी वाहन और उसके चालक की जानकारी जानकारी जुटाने के लिये पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### पैकेट देने गई आंगनबाड़ी की महिला कर्मचारी के साथ मां-बेटे ने की मारपीट

**भोपाल।** देहात क्षेत्र में स्थित सुखी सेवनिया थाना इलाके में स्थित आंगनबाड़ी में तैनात महिला कर्मचारी की मां-बेटे ने मिलकर पिटाई लगा दी। बताया गया है, कि आंगनबाड़ी में तैनात महिला कर्मचारी पीड़िता आरोपी युवक के खिलाफ पूर्व में दर्ज प्रकरण में गवाह भी है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार ग्राम भदभदा में रहने वाली भगवती यादव पति नारायण सिंह यादव (40) ने अपनी शिकायत में बताया की वह आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर तैनात हैं। इस कारण वह खाने का पैकेट बांटने के लिये बीती सुबह मोहल्ले के कई घरो में गई थी। सलमान के घर गई थी। मोहल्ले में ही रहने वाले आरोपी सलमान के खिलाफ प्रकरण दर्ज है, जिसमें भगवती यादव गवाह है। जब वह सलमान के घर पैकेट देने पहुंची तब उसी मामले को लेकर सलमान ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे धमकी दे डाली। इसके बाद पीड़िता स्कूल आ गई। थोड़ी देर बाद ही आरोपी सलमान और उसकी मां रुखसाना भी स्कूल आ गई। उन्होनें उसने कहा कि वह उनके घर नहीं आया करे। इसके साथ ही उसे थप्पड़ जड़ते हुए धमकी भी दी। इसके बाद पीड़िता थाने जा पहुंची और मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### मेट्रो स्टेशन निर्माण हेतु पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य हेतु शट डाउन लिए जाने के कारण जोन क्र. 13 एवं 14 के विभिन्न क्षेत्रों में 8 मई को जलापूर्ति बाधित रहेगी

**भोपाल।** एम्स मेट्रो स्टेशन निर्माण के दौरान पेयजल प्रदाय पाईप लाईन की शिफ्टिंग कार्य हेतु शट डाउन लिए जाने के कारण जोन क्रमांक-13 एवं 14 के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार, 08 मई 2025 को जलापूर्ति बाधित रहेगी। गुरूवार, 08 मई 2025 को निम्न क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी :- साकेत नगर, साकेत नगर 2-ए, 2-बी, 2-सी, 9-ए, 9-बी, दुर्गा नगर, नारायण नगर, एम्स हॉस्पिटल, बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय, आर.आर.एल.एम्प्री., बागसेवनिया, बागसेवनिया ग्राम, रेत बाजार, दुर्गा मंदिर क्षेत्र, शक्ति नगर सेक्टर 1,2,3, आई.एस.बी.टी., विश्वकर्मा, नगर, पंचवटी मार्केट 2-ए, 3-ए, 3-बी, 3-सी, 3-डी, बरखेड़ा पठानी क्षेत्र, जयहिन्द नगर, आज़ाद नगर, पंचशील नगर, पद्मनाभ नगर, 7 एकड़ टंकी क्षेत्र (साकेत नगर सेक्टर 4-ए, 4-बी, 4-सी), रवीन्द्रनाथ टैगोर, पड़ित भीमसेन जोशी नगर इत्यादि क्षेत्र। शट डाउन लिए जाने के कारण जलापूर्ति बाधित रहने पर नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिये नगर निगम प्रशासन ने खेद व्यक्त करते हुए नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## भोपाल में दो दिवसीय एआई वर्कशॉप आज से

■ सिंहस्थ कुंभ समेत भीड़ प्रबंधन में एआई के इस्तेमाल पर होगा मंथन

विजय मत, भोपाल

प्रयागराज महाकुंभ में एआई के प्रयोग के बाद एमपी में सिंहस्थ कुंभ और अन्य भीड़ वाले कार्यक्रमों में कैसे एआई को उपयोग बनाया जा सकता है, इसको लेकर दो दिवसीय वर्कशाप भोपाल में गुरुवार से होगी। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, अधोसंरचना और सुरक्षा क्षेत्रों में एआई के प्रभाव और भविष्य की दिशा के साथ सरकारी विभागों में एआई की मदद से कैपेसिटी बिल्डिंग पर प्रजेंटेशन होंगे। इस दौरान एआई साइबर सुरक्षा, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम 2023 समेत प्रशासन में एआई के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा 8 और 9 मई को एआई भारत एमपी पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार विषय पर होने वाली कार्यशाला दिन भर चलेगी। कार्यशाला डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, जनोपयोगी बनाने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधार के प्रयोग की संभावनाओं पर केंद्रित होगी। कार्यशाला में नीति-निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सरकारी प्रतिनिधियों की भागीदारी से नॉलेज शेयर और विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अपर मुख्य सचिव संजय दुबे राज्य की डिजिटल रणनीति पर प्रकाश डालेंगे। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सीईओ नंद कुमारम, डिजिटल नीति पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण बताएंगे।

## वन भवन के ई-ब्लॉक के 3 तल का आवंटन निरस्त कर ब्लॉक का सम्पूर्ण तल वन विभाग को आवंटित

**भोपाल।** वन भवन के ई-ब्लॉक के 3 तल एजेंसी द्वारा लोक परिसम्पत्ति विभाग को सौंपे गये थे। लोक परिसम्पत्ति विभाग द्वारा वन भवन के ई-ब्लॉक के 3 तल संस्थाओं को आवंटित किये गये थे, उनका आवंटन निरस्त कर ई-ब्लॉक का सम्पूर्ण तल वन विभाग को आवंटित करने के आदेश राज्य शासन द्वारा जारी कर दिये गये हैं। आदेश मंत्रि-परिषद के निर्णय दिनांक 22 अप्रैल, 2025 के अनुक्रम में जारी किया गया। वन भवन के ई-ब्लॉक के 3 तल वर्तमान एजेंसी द्वारा संस्थाओं से राशि प्राप्त कर आवंटित किये गये थे। इनमें प्रथम तल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, श्रम कल्याण मण्डल भोपाल, मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार मण्डल को स्थान आवंटित किया गया था। द्वितीय तल में मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और तृतीय तल में मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को स्थान आवंटित किया गया था।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः नीति आयोग की 'आकांक्षी-ब्लॉक' योजना से खरगोन के झिरन्या में 63 तालाब होंगे पुनर्जीवित

विजय मत, भोपाल



प्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन से 30 मार्च को किया था, जो 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जलधाराओं को सहेज कर उन्हें पुनर्जीवन देना है। नदियों, नालों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन की कार्य योजना बनाई गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान को केन्द्रीय नीति आयोग की जल संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने की पहल 'आकांक्षी - ब्लॉक' योजना से बड़ा लाभ मिला है। खरगोन जिले के झिरन्या को देश के 25 चिन्हित आकांक्षी ब्लॉक्स में शामिल किया गया है।

झिरन्या में जल निकायों को पुनर्जीवित किया जाएगा। झिरन्या ब्लॉक के 63 तालाबों को चिन्हित कर मानसून से पहले उनका गहरीकरण और गाद निकासी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन संभव हो सकेगा और जल संकट से राहत मिलेगी। तालाबों से निकलने वाली उपजाऊ गाद किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

## एम्स भोपाल के डॉ. नरेंद्र चौधरी को पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी ईस्ट एंड मेडिटेरेनियन समूह में भारत का एम्बेसडर नियुक्त किया गया

विजय मत, भोपाल




एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह संस्थान में शैक्षणिक श्रेष्ठता और ज्ञान के आदान-प्रदान को एक प्रेरक परंपरा के रूप में विकसित कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से संकाय सदस्य और छात्र निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। हाल ही में, एम्स भोपाल के एडिशनल प्रोफेसर और पीडियाट्रिक हीमैटोलॉजिस्ट-ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र चौधरी को वर्ष 2024-25 के लिए पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी ईस्ट एंड मेडिटेरेनियन समूह द्वारा भारत का एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। उन्हें अम्मान (जॉर्डन) में आयोजित POEM के चौथे वैज्ञानिक सम्मेलन के दौरान सम्मानित किया गया। POEM समूह, पूर्वी भूमध्यसागर और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के 28 देशों में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों का एक नेटवर्क है, जो कैंसर से पीड़ित बच्चों को केवल चिकित्सा ही नहीं, बल्कि सामाजिक, मानसिक और आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है। इस सम्मेलन में भारत से 10 से अधिक पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट और नर्सों ने भाग लिया, जिससे भारत की इस क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी स्पष्ट हुई। डॉ. नरेंद्र चौधरी के कार्य की POEM के अध्यक्ष डॉ. गेवॉर्ग तमाम्यन और POEM की मेम्बरशिप कमेटी के चेयर डॉ. खालिद ग़ानिम ने विशेष सराहना की।

महिला सुरक्षा हेतु विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग

## लव जिहाद रोकने कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे सरकारः संगीता

विजय मत, भोपाल



प्रदेश में बढ़ रहे ÷लव जिहाद÷ जैसे गंभीर सामाजिक विषय में प्रदेश सरकार से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व सदस्य मप्र राज्य महिला आयोग (राज्यमंत्री दर्जा ) संगीता शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सुबह 11 बजे भोपाल पुलिस कमिश्नर हरि नारायण चारी को एक ज्ञापन सौंपा। शर्मा के प्रतिनिधि मंडल में प्रदीप अहिरवार, अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस, अवनीश बुंदेला प्रदेश प्रवक्ता, आनंद जाट प्रदेश प्रवक्ता, अजीत सिंह भदोरिया, आरती सिंह प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि, आशीष राय, राहुल बबेले सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। पुलिस कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता शर्मा ने लेख किया है कि विगत कुछ समय से भोपाल जिले एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में लव जिहाद के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है।

## निगम अमले ने विभिन्न स्थानों से हटाये अतिक्रमण



■ दो पलिया चार पहिया वाहन, कूलर, कैरेट, ठेले, गुमठी आदि किए जप्त

विजय मत, भोपाल

नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठी, अवैध छप्पर, शेड, फल-सब्जी, कपड़ा, कबाड़ी आदि का व्यवसाय करने वालों का सामान सहित अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया और गुमठी, ठेले, गेट, फ्लेक्स बोर्ड, कूलर, जाली आदि जप्त किए साथ ही यातायात पुलिस को सहयोग देते हुए कोलार रोड क्षेत्र से 06 चार पहिया एवं 20 दो पहिया वाहन जप्त किए।

निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने बुधवार को जहांगीराबाद, पुलिस लाईन, शाहपुरा, फार्चयून काम्प्लेक्स, गिन्नौरी, इतवारा, मछली बाजार, बाग फरहत अफ्जा, विश्वकर्मा नगर फेस-2, बाग सेवनिया, बाग मुगालिया, न्यू मार्केट नो व्हीकल जोन, कोलार रोड, स्प्रिंग वैली, अमलतास कालोनी, एम्स हॉस्पिटल, दानिश नगर, कुंजन नगर, बी.डी.ए रोड, अवधपुरी, सोनागिरी, टी.टी. नगर, अरेरा हिल्स, 12 नम्बर स्टॉप, गौंडीपुरा, नई जेल रोड, रतन कालोनी, 11 मील, लिंक रोड नंबर 01, 02 एवं 03, मनुआभान टेकरी, बैरागढ़, साधु वासवानी स्कूल, कोहेफिजा फिटनेस सेंटर आदि क्षेत्रों में अवैध रूप से बनाए गए शेडझछप्पर सहित सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से कपडा, सब्जी, फल, कबाड़ा आदि का व्यवसाय करने वालों का सामान हटवाया साथ ही अनेक स्थानों पर दुकानों के बाहर रखा सामान, अवैध रूप से पार्क किए गए वाहन आदि भी हटवाए और 01 गेट, 05 गुमठियां, 15 फ्लेक्स बोर्ड, 50 सब्जी के कैरेट, 20 ठेले, 07 कूलर, 01 जाली सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया साथ ही कोलार रोड क्षेत्र में यातायात पुलिस को सहयोग करते हुए 06 चार पहिया वाहन एवं 20 दो पहिया वाहन भी जप्त किए। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

खास-खबर

डीजीपी मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में उप पुलिस अधीक्षकों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित

## दीक्षांत परेड में उप पुलिस अधीक्षकों के जज्बे ने किया सभी को रोमांचित

विजय मत, भोपाल



जब अनुशासित कदम चाल, स्वाभिमान से ऊंचा मस्तक, गर्व से भरा सीना और देशभक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत उप पुलिस अधीक्षकों की दीक्षांत परेड निकली तो कोई भी रोमांचित हुए बिना नहीं रह सका। भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के परेड ग्राउंड में बुधवार को मध्यप्रदेश पुलिस के 43 वे बैच के परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षकों के भव्य एवं आर्कषक दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मध्यप्रदेश पुलिस के महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत परेड की सलामी ली और खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। दीक्षांत परेड में शामिल हुए 19 परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक अब विधिवत रूप से मध्यप्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए हैं।

पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने सभी प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उप पुलिस अधीक्षक पद पुलिस में एक महत्वपूर्ण पद है जो फील्ड ऑफिसर्स को वरिष्ठ स्तर के पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों से जोड़ता है। आपकी इंटीग्रिटी, ईमानदारी, कार्य दक्षता और संवेदनशीलता के गुण आपके कार्यकाल में म.प्र. पुलिस की रीढ़ को मजबूत करने में अहम् भूमिका निभाएंगे। यह एक युवा व उर्जावान अधिकारियों का वक्त है जो देशभक्ति जनसेवा के आशय को अपने कार्य से परिपोषित करेगा।

डीजीपी ने अकादमी के सभी प्रशिक्षकों तथा प्रशासनिक स्टाफ को भी इस बैच के सफतला पूर्वक प्रशिक्षण संचालन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को नवीन आपराधिक कानूनों, अपराध विवेचना, फोरेंसिक विज्ञान, कानून व्यवस्था जैसे पुलिसिंग के कोर विषयों के साथ साथ एथिक्स, नैतिक आचरण, सॉफ्ट स्किल्स, इमोशनल इंटेलीजेंस जैसे पुलिस व्यवहार के लिये प्रासंगिक विषयों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि अकादमी के निदेशक के निर्देशन में इनकी टीम ने उप पुलिस अधीक्षक के बुनियादी प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम को बदलते परिवेश के अनुसार न केवल रिवाइज किया है बल्कि BPR&D एवं नेशनल पुलिस अकादमी के मापदंडों के समकक्ष बनाने का उपक्रम किया है। अकादमी के कुशल प्रशिक्षकों ने आंतरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षुओं को शारीरिक और मानसिक रूप से दक्ष बनाने हेतु ड्रिल, बलवा ड्रिल, योगा, ध्यान तथा यूएसी जैसी विधाओं में भी पारंगत किया गया। मकवाणा ने कहा कि प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक को प्रशिक्षण हेतु क्ष्क्तकी सभी शाखाओं में भेजा गया, जहां शाखा प्रभारी वरिष्ठतम अधिकारियों द्वारा इन्हें शाखाओं की जानकारी प्रदान की गई। इससे इन्हें अपने कार्य में दक्ष होने तथा विभाग की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# भारत का पाकिस्तान को तगड़ा जवाब

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 भारतीय नागरिकों की मौत हुई थी। घटना के 13 दिन बाद भारतीय सेना ने 13वीं के दिन एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर करके, 9 आतंकी ठिकानों के ऊपर एयर स्ट्राइक की है। भारतीय सीमा से यह हमले किए गए हैं। पाकिस्तान के बहावलपुर से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली तक फेले 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्ष्य पर निशाना साधकर, मिसाइल से हमले किए हैं। इस हमले से आतंकियों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। तीनों भारतीय सेनाओं ने मिलकर हमले की रणनीति तैयार की थी। आतंकी ठिकानों पर हमला करने से पहले सेना ने सारी जानकारी एकत्रित की। उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे अंजाम दिया गया। इसमें आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। दो दर्जन से अधिक आतंकियों के मारे जाने की संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय सेना ने अभी पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं किया गया है। भारत ने आतंकवादियों को लक्ष्य करके मिसाइल के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की रणनीति अपनाई है। भारत सरकार और भारतीय सेना ने बड़े संयम का परिचय देते हुए यह कार्रवाई की है। आतंकी पाक अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद की एक मस्जिद को ठिकाना बनाये हुए थे। इसमें बड़ी संख्या में आतंकी रह रहे थे। यहीं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। पाकिस्तान की सेना ने तीन ठिकानों पर मिसाइल से हमले की पुष्टि की है। लश्कर-ए-तोयबा के ठिकानों पर भारतीय सेना ने प्रमुख रूप से लक्ष्य साधा है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर कर 9 आतंकी ठिकानों पर सफल टारगेटेड कार्रवाई की

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाक़ारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक  तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा,अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्सः पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नज़र गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्सः पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए। मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के  जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है।पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है। पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंक वादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की।

> चूँकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ़ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई।




साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान की करें तो,भारतीय सशस्त्र बलोंने पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जहाँ से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई. कुल मिलाकर, नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है.बयान में कहा गया- हमारी कार्रवाई केंद्रित, सधी और उकसाने से बचने वाली रही,किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया है  भारत ने ठिकानों के चयन और उन्हें तबाह करने  तरीके में काफी संयम दिखाया है,बयान के अनुसार ये कदम पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी, मंत्रालय ने कहा कि हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा, बाद में ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथियों बात अगर हम ऑपरेशन सिंदूर बेहद सीमित सटीक, रणनीतिक व  कानून के दायरे में होने की करें तो, यह कार्रवाई बेहद सीमित, रणनीतिक रही, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने आतंकियों के ठिकाने पर मिसाइले दाग कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह आतंक के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है, इससे यह भी साफ हो गया कि भारत अब केवल चेतावनी नहीं देगा, बल्कि जवाबी कार्रवाई भी करेगा। भारत की यह कार्रवाई पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में रही, कोई असैन्य ठिकाना या आम नागरिक इस कार्रवाई की चपेट में नहीं आया, भारतीय विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल आतंकवाद के खिलाफ था, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता पर हमला, हालांकि, इससे पाकिस्तान में घबराहट साफ देखी जा सकती है, कई आतंकी ठिकानों को खाली करा लिया गया है और सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को यह भी दिखा दिया है कि अब भारत पुरानी नीति पर नहीं चलेगा, 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है, जो सीधे पाकिस्तान की धरती पर जाकर की गई है। इसका एक बड़ा संदेश यह भी है कि भारत अब बात नहीं, केवल जवाबी कार्रवाई में विश्वास रखता है पाक को अब तय करना है, वह आतंक की पनाहगाह बना रहेगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

**योगेश कुमार गोयल**

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

> ड्यूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया।




**विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विशेष**

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है।

रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# अव्वल आने की होड़ में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**

टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | | 4 |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | 7 | | | 8 | 9 | | |
| 10 | 11 | | | | | 12 | 13 | |
| | | | | | 14 | | | |
| 15 | | 16 | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| | | | 23 | | | | 24 | |
| 25 | | | | | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. सुगंध, खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन, सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश, विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वसय, घेरा-3
15. आंचल, पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर, पिता का घर-3
24. नवीन, नया, नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक, न भरने वाला जख्म-3

### ऊपर से नीचे

1. जी, चित्त, इच्छा-2
2. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर, विदुषक-4
5. दुनिया, जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव, हरदम-2
11. जन्म, पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी, नलका-2
18. वश, अधीन-2
19. परिणाम, हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

### शब्द पहेली -8359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वृ | क्ष | | अ | रा | ध | ना | | जु |
| | मा | न | क | | ड़ | | च | र्म |
| अ | | स | ड़ | न | | सु | र | |
| चा | ल | | | त | | ब | खा | न |
| न | | आ | रा | म | दे | ह | | न |
| क | म | रा | | स्त | | | भा | दो |
| | री | म | | क | च | रा | | ई |
| मौ | ज | | रा | | र | स | म | |
| त | | को | ह | रा | म | | स्त | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**8 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.48 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.01 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.17 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.29 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.40 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.54 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.16 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कुंभ | 01.02 बजे से |
| | | मीन | 02.35 बजे से |
| | | मेष | 04.05 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 128 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 12.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 21.07 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 01.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 12.30 बजे तदनन्तर बव 01.42 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872338
**जूलियन दिन** 2460803.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 09
**विशेष** मोहिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### कांग्रेस क़ौमी एकता प्रकोष्ठ ने पुलिस महानिरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

शहडोल। शहडोल संभाग में बढ़ रहे गौ तस्करी के विरोध में आज शहडोल कांग्रेस क़ौमी एकता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सबी खान बंटी ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा है और बताया है कि संभागीय मुख्यालय के कोतमा और केशवाही क्षेत्र में लगातार गौ तस्करी बढ़ती जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करनी के बाद भी गौ तस्कर अवैध कार्य करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी क्र, में 2 मई कोतमा पुलिस द्वारा 22 मवेशी ,पशु मांस, और अवैध हथियार के साथ मुस्तिक कुरेशी ,नसीम अहमद को गिरफ्तार किया उसमें से मुख्य आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू, वाजिद कुरेशी मौके से फरार हो गए हैं ।सबी खान बंटी ने यह भी बताया कि शहडोल जिले के बुढार निवासी मोहित सिंह जो लगातार गौ तस्करी मामले में अवैध कार्य कर रहे हैं। मोहित सिंह को सोहागपुर पुलिस ने 27 अप्रैल को शहडोल बघेल ढाबा के पास से गौ तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था।और उसे न्यायालय में पेश किया जहां मोहित को जमानत मिल गई मोहित सिंह अपनी काली गाड़ी से गौ तस्करी करने वाले वाहनों को रैकी करते हुए जिले की सीमा पार कराने का काम करता है ।हम पुलिस महानिरीक्षक से निवेदन करते हैं कि अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू, वाजिद कुरैशी जैसे अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द कि जाए और मोहित सिंह और उनके साथियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे शहडोल संभाग में गौ तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके। ज्ञापन दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम गौतम, क़ौमी एकता प्रकोष्ठ से अर्चना सिंह, मोहसिन खान,दीपक चौधरी, आशीष गोले,युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष सुहेल आलाम,गोल्डी (रितेश झारिया), राहुल सिंह, अज़हर खान,वीरु मोगरे, शाकिब खान,बादल, निखिल (निक्की) कार्तिक, सचिन चौधरी,वीरु नट,ओम चौधरी,राज चौधरी,सुरज पांडे,युग राजपूत, सुधांशु सिंह,सुहैल खान,करण सोनकर, पीयूष कच्छवाहा, अखिल चौधरी, सागर, दानिश जिशान मौजूद रहे।

### कमिश्नर ने प्रभारी नायब तहसीलदार के आगामी 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकी

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के प्रभारी नायब तहसीलदार वृत्त अमिलिहा एवं बकेली, तहसील पाली, सनत सिंह को कार्यों में लापरवाही बतरने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था तथा प्रकरणों का अवलोकन किया गया था ।कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए प्रभारी नायब तहसीलदार के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जिसके लिए वे दोषी हैं। अतएव प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद व समाधानकारक न पाये जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-10(4) के अंतर्गत आगामी 02 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुये जारी कारण बताओ सूचना पत्र से प्रचलित कार्यवाही इसी स्तर समाप्त किया जाता है।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न




शहडोल। संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा गर्भावस्था में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु कारणों का विश्लेषण तथा घर-घर संपर्क अभियान चलाएं। गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन किया जाए, गर्भावस्था के दौरान 4 आवश्यक जांचें सुनिश्चित की जाएं तथा प्रसव संस्थागत हो इसके लिए मैदानी अमले को सक्रिय किया जाए। प्रसव के दौरान होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के कारणों का विश्लेषण किया जाए। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान की जाए। प्रसव रिकार्ड का संधारण रेफरल प्रबंधक प्रसवोत्तर देखभाल तथा नवजात शिशु की देखभाल पर विशेष जोर दिया जाए। यह निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कलेक्टर सभागार में सम्पन्न जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ सराफ, डॉ एसएस शुक्ला, बीएमओ, सेक्टर चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, अंधत्त निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम एनआरसी में भर्ती किए गए बच्चों की स्थिति, सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय बनाकर एनआरसी में ईलाज कराने हेतु भर्ती कराने के निर्देश संबंधित बीएमओ एवं सेक्टर चिकित्सकों को दिए।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।अभियान के अंतर्गत दिनांक 06050525 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गईए जिसमें कुल 07 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 30 लीटर कच्ची महुआ शराबए 15 पाव देशी प्लेन मदिराए 14 नग बियर कुल 08 लीटर जप्त की गई।

## मुड़ना नदी और प्राचीन जलसंरचनाएं बेहाल, प्रशासनिक लापरवाही से शहर प्यासा

# जल संकट की ओर बढ़ता शहडोल, गुम होते जलस्त्रोत, उपेक्षित संरक्षण अभियान

**विजय मत, शहडोल**



शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रशासन, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि मिलकर जलसंरक्षण की मुहिम चला रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान तेज़ी से चल रहा है। परंतु, आश्चर्य की बात है कि जिला मुख्यालय, जहाँ जल संकट अधिक गहराने की संभावना है, वहां के प्राचीन जलस्त्रोत आज भी उपेक्षित हैं। ऐतिहासिक महत्व रखने वाले कई कुएं और बावड़ियां जैसे मानपुर रोड, गांधी चौक, पुरानी बस्ती क्षेत्र में आज कूड़े के ढेर में बदल गए हैं। ये कभी शहडोल की जल समृद्धि के प्रतीक थे, आज पहचान भी मिट रही है।

### मुड़ना नदी को नहीं मिली जगह, संकट में अस्तित्व

शहर से होकर गुजरने वाली मुड़ना नदी का अस्तित्व खतरे में है। अतिक्रमण और गंदगी ने इसे लगभग दम तोड़ने की कगार पर ला खड़ा किया है। हर वर्ष गर्मियों की शुरुआत में ही नदी की धार सूखने लगती है। मुड़ना नदी के दोनों किनारों पर अवैध कब्जे होते जा रहे हैं। लोगों ने निर्माण कर इसके प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर दिया है। विडंबना यह है कि जलगंगा संवर्धन अभियान में इस नदी को एक बार फिर नजरअंदाज़ कर दिया गया है। न पहले कोई योजना बनी, न अब कोई कार्यवाही हो रही है।

### कुएं और बावड़ियां हो चुकी हैं गुमनाम

शहर में कभी सैकड़ों कुएं और बावड़ियां थीं, जो न केवल पेयजल का स्त्रोत थीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा भी। आज ये या तो कूड़ा करकट से पट चुकी हैं या पूरी तरह कंक्रीट से ढंक दी गई हैं। कुछ स्थानों पर इन्हें अवैध निर्माणों में शामिल कर लिया गया है।

### तालाबों की धरती पर बचे सिर्फ नाम

कहा जाता है कि शहडोल में ÷पग-पग पर तालाब÷ थे। शहर का भूगोल ही ऐसा था कि वर्षाजल खुद-ब-खुद संचित होता था। लेकिन अब स्थिति यह है कि इन तालाबों की श्रृंखला टूट चुकी है। तालाबों का भराव क्षेत्र सिकुड़ गया है और कई तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थानीय जानकार बताते हैं कि 20-30 वर्ष पहले तक शहर में दर्जनों तालाब सक्रिय थे, लेकिन आज गिनती के कुछ ही बचे हैं और वे भी मरम्मत व सफाई के अभाव में खत्म होने की कगार पर हैं।

### प्रशासनिक प्रयास अधूरे, सामाजिक संगठन भी हुए निराश

शुरुआत में कुछ सामाजिक संगठनों ने मुड़ना नदी और अन्य जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किए। उन्होंने प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे, सर्वे की मांग की और श्रमदान की पेशकश भी की। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी और औपचारिकताओं में उलझे रवैये ने इन प्रयासों को विफल कर दिया। इससे हताश होकर इन संगठनों ने भी अब पीछे हटना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि मुड़ना जैसी प्रमुख नदी भी प्रशासनिक दस्तावेजों में कहीं दर्ज नहीं है।

### शहर में जलस्तर गिरने की बड़ी वजह जल संरचनाओं की उपेक्षा

जल विशेषज्ञों का मानना है कि शहर में लगातार गिरता भूजल स्तर इसी उपेक्षा का परिणाम है। कुएं, बावड़ियां, तालाब और नदी जैसे प्राकृतिक जलस्त्रोत रेनचार्ज ज़ोन के रूप में कार्य करते हैं। इनके गुम होने से वर्षा जल बहकर बाहर चला जाता है, जिससे जमीन के भीतर जल नहीं पहुंच पाता। यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले वर्षों में शहडोल भी उन शहरों की सूची में आ सकता है जहां जल संकट विकराल रूप ले चुका है।

### सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित रह गया जलगंगा अभियान

वर्तमान में जो जलगंगा अभियान चल रहा है, वह ज़्यादातर ग्रामीण अंचलों तक सिमट कर रह गया है। वहां लोग तालाबों की सफाई, गहरीकरण, कुओं की मरम्मत जैसे कार्यों में जुटे हैं। परंतु, जिला मुख्यालय में जलस्त्रोतों को लेकर कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। जबकि शहरीकरण का सबसे अधिक प्रभाव और जल का सबसे अधिक दोहन शहर में ही होता है।

### उठाने होंगे ठोस कदम

स्थिति गंभीर है, लेकिन अभी भी उम्मीद बाकी है। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि प्रशासन, नगर पालिका, सामाजिक संगठन और आमजन संयुक्त प्रयास करें तो शहर के जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। मुड़ना नदी को पुनर्जीवित करने के लिए पहले चरण में अतिक्रमण हटाया जाए, इसके किनारों को हरित क्षेत्र में बदला जाए और नदी के बहाव क्षेत्र की सफाई और गहरीकरण किया जाए।

# बहन की विदाई से पहले भाई और भांजे की दर्दनाक मौत

**विजय मत, शहडोल**

बहन की शादी के लिए एक महीने से तैयारी में लगे भाई और पूरे परिवार की खुशियों पर मानो ग्रहण लग गया हो, एक तरफ बहन मंडप के नीचे बैठी है वही सेवा सत्कार में लगे भाई और भांजे ने बारातियों और रिश्तेदारों के लिए देर रात पानी के पाउच की व्यवस्था हेतु बाहर निकले और दोनों ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए।

मौके पर ही दोनों की मौत हो गई, घटना शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनाड़ी की बताई गई है, जहां बैगा परिवार में शादी समारोह चल रहा था, वही दुल्हन के भाई और भांजे की सड़क दुर्घटना में मौत की खबर आते ही पूरे परिवार में मातम का माहौल छा गया।

**सड़क हादसे में खुशियां मातम में बदल गई**

हालांकि इसके बाद भी दुल्हन की विदाई शांतिपूर्वक तरीके से कर दी गई, पूरे मामले के संदर्भ में जयसिंहनगर थाना प्रभारी एसपी चतुर्वेदी बताते हैं कि देर रात सड़क दुर्घटना की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मामा और भांजे की मौत हो चुकी थी, दोनों ही शादी समारोह के लिए पानी पाउच लेने के लिए निकले थे,अज्ञात वाहन की ठोकर से दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टवया पुलिस को मौके से जो साक्ष्य मिले हैं, उसके अनुसार किसी पिकअप वाहन से मौत होना बताया गया है। मौके से पुलिस ने डीजे के कुछ बॉक्स भी जब्त किए हैं, जिससे यह माना जा रहा है कि डीजे लेकर जा रहे किसी अज्ञात वाहन से यह दुर्घटना कारित हुई होगी, मृतक रंगेलाल बैगा जिसकी उम्र 28 साल बताई गई है दुल्हन का सगा भाई था, वही 19 साल का शशिकांत बैगा उसका भांजा बताया गया है। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शवों का पंचनामा करवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही जिस घर में थोड़ी देर पहले शादी की खुशियों की शहनाइयां बज रही थी, यह सूचना मिलने के बाद वह मातम छा गया। वहीं जयसिंह नगर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही अज्ञात वाहन और उसके चालक गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

### हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

शहडोल। विशेष सत्र न्यायाधीश, जिला शहडोल, माननीय पीठासीन न्यायाधीश संतोष सोलंकी द्वारा एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में सुनवाई करते हुए दिनांक 06.05.2025 को फैसला सुनाया गया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी अमन प्रताप सिंह उर्फ गुलशन, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कटकोना, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल एवं आरोपी दीपक कुमार कोरी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बरतराए थाना खैरहा, जिला शहडोल ने सहआरोपी के साथ मिलकर बुढ़ार स्थित एकलव्य छात्रावास के पीछे सेमरा डैम के पास झाडियों में, ग्राम कटकोना में रेखमलाल बैगा की हत्या कर शव को छिपाने का जघन्य अपराध किया था। जिस पर बुढ़ार पुलिस द्वारा 19.05.23 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उक्त अपराध को विवेचना में लिया गया।

# भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**विजय मत, शहडोल**

शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में जगमल गांव के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने न केवल मृतक के परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक भगवान दिन दुबे (60) और उनके पुत्र लकी दुबे (32) मोटरसाइकिल पर सवार होकर रीवा में रिश्तेदारी के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा वाहन ने उन्हें कुचल दिया।पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब पिता-पुत्र की मोटरसाइकिल शहडोल-रीवा मार्ग पर जगमल गांव के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही

**अज्ञात वाहन ने मोटर सायकिल को मारी ठोकर**

दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी। हमने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक पिता-पुत्र दोनों बरौधा के वार्ड नंबर 9 के निवासी थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि अज्ञात हाइवा वाहन ने बाइक सवार दोनों को कुचला और वहां से फरार हो गया। पुलिस अब हाइवा वाहन की तलाश कर रही है और इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## पुलिस ने 37 नशीले इंजेक्शन सहित आरोपी को पकड़ा

**विजय मत, शहडोल**

थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर निवासी संतोष गुप्ता जो कि लाल रंग की स्कूटी वाहन में अवैध नशीले इंजेक्शन बिक्री करने हेतु छतरपुर रोड, कोटमा में खड़ा हैं। सूचना प्राप्त होते ही सोहागपुर पुलिस द्वारा प्राथमिक कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर मय पुलिस स्टाफके छतरपुर रोड, कोटमा कार्यवाही हेतु पहुंचने पर एक लाल रंग की स्कूटी जिसमें एक व्यक्ति बैठा मिला नाम पूंछने पर अपना नाम संतोष गुप्ता पिता मनबहोर गुप्ता, उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 03, सोहागपुर का होना बताया आरोपी संतोष को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर वैधानिक रूप से तलाशी लेने पर आरोपी के वाहन स्कूटी की डिग्गी से प्लास्टिक पन्नी के अन्दर बुप्रोनोरफाईन इंजेक्शन 0.3 एम.एल. कुल 14 नग,



प्रोमेथाजाईन हाईड्रो क्लोराईड इंजेक्सन 2 उस कुल 14 नग, प्रोमेथाजाईन हाईड्रो क्लोराईड इंजेक्सन कुल 37 नग इंजेक्शन मिले। उक्त बरामद शुदा इंजेक्शन में ठन्च्त्म्छव्त्च्भ्प्छम् प्रतिबंधित दवाई होना पायी गईए उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी द्वारा पेश नहीं किये गए।उक्त नशीले इंजेक्शन की कीमत लगभग 42,000 रुपये जप्त कर आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जिला प्रभारी मंत्री ने दिलाई सोन नदी में एनिकट की मंजूरी

## एनिकट बन जाने से शहडोल नगर एवं मेडिकल कॉलेज के भी पेयजल समस्या का हो सकेगा स्थायी समाधान

**विजय मत, शहडोल**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला के सतत प्रयासों से शहडोल नगर, मेडिकल कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में भी पेयजल आपूर्ति की समस्या के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य खनिज मद से सोन नदी में एनिकट निर्माण हेतु 27 करोड़ 43 लाख रूपये की मंजूरी दी गई है।



एनिकट के बन जाने से शहडोल नगर की पेयजल समस्या का स्थायी निराकरण हो सकेगा। जिला योजना समिति की बैठक में शहडोल नगर एवं मेडिकल कॉलेज में पेयजल संकट के संबंध में अवगत कराया गया था, पूर्व में एनिकट निर्माण हेतु 24 करोड रूपये का डीपीआर तैयार किया गया था। सीएसआर दर बढ़ जाने के कारण प्रोजेक्ट की लागत 27 करोड़ 43 लाख रूपये का डीपीआर तैयार कर पारित किया गया तथा राज्य सरकार को सोन नदी में एनिकट निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजा गया था। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल श्री अक्षत बुदेला ने बताया कि लम्बे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

सोन नदी में एनिकट निर्माण में 4.36 एमसीएम क्षमता का इंटेकवेल लागत 1 करोड़ 23 लाख, पंपिंग मशीनरी 53 लाख 30 हजार, ट्रांसमिशन लाइन, 33 केव्ही लाइन, स्टाफ क्वाटर आदि कार्य शामिल है।

**सम्मान**

## मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी पीछे रह गए साथियों को मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाएं-कलेक्टर

# जिले की मेरिट के विद्यार्थियों का जिला प्रशासन द्वारा किया गया सम्मान

**विजयमत,शहडोल**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री स्कूल परीक्षा में कक्षा 10 एवं कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों का जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर डॉ केदार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, एपीसी अरविंद कुमार पाण्डेय, संजय पाण्डेय द्वारा सम्मान किया गया।




इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक,अशासकीय विद्यालयों के संचालक,सीएम राईज स्कूल की प्राचार्य अर्चना खरे, गोपाल निगम सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी पीछे रह गए साथियों को मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाएं। आपने कहा कि जिस निष्ठा और ईमानदारी से मेहनत करके आप लोगों ने सफलता पाई है उसे आगे भी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होनें शिक्षकों से आग्रह किया कि वे सदैव बच्चों के सम्पर्क में रहे तथा उनका मार्गदर्शन करते रहें। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें, साथ ही उनकी कठिनाईयों का भी निराकरण करें। विद्यार्थी एवं शिक्षक सदैव अगले दिन पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की तैयारी करके जाएं सफलता अवश्य मिलेगी।

### समय का बेहतर सद्उपयोग करें-एस.पी.

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि कक्षा 12वीं तक बच्चें अभिभावकों के संरक्षण में रहते हैं। उच्च शिक्षा बाहर रहकर प्राप्त करनी होती हैं। तब अभिभावकों का संरक्षण नहीं मिल पाता है। ऐसी परिस्थिति में लक्ष्य बनाकर समय का सदुपयोग करने के लिए टाईम टेबिल बनाएं, स्वमूल्यांकन करें तथा समय का बेहतर उपयोग करना सीखें। आपने कहा कि यह समय चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण तथा स्वअनुशासन का होता है। अपनी रूचि के अनुसार विषय का चयन करें तथा पढ़ाई के बाद ज्ञान का विश्लेषण अवश्य करें। इस अवसर पर जिले की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सम्रद्धि पाण्डेय विवेकानन्द पब्लिक स्कूल शहडोल, कमलेश गुप्ता एवं आशीष सोनी ज्ञानोदय हायर सेकेन्ड्री स्कूल शहडोल, मोहित सोनी सरस्वती स्कूल बुढ़ार, सौम्या गुप्ता, पुष्पेन्द्र अहिरवार संदीपनी स्कूल जयसिंहनगर, ज्ञानू कुशवाहा एवं अनामिका नायक संदीपनी स्कूल छतवई, माधुरी टांडिया सेन्ट्रल अकादमी शहडोल, अंशिका गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर, अब्दुल कादिर उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल, भारती कुशवाहा सरस्वती विद्यालय ब्यौहारी,रोहित कुमार बारबा सरस्वती स्कूल ब्यौहारी, आस्था केशरी टाईम पब्लिक स्कूल शहडोल, राशि परचानी एवं ओम गुप्ता भारत माता स्कूल शहडोल सहित अन्य मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।

## न्यूज इन शॉर्ट



### घायल दम्पत्ति की जान बचाने पर आईजी ने किया सम्मानित

शहडोल। विगत18 अप्रैल को लगभग रात्रि 22.30 बजे बाईक सवार दम्पत्ति उमेश वर्मन एवं श्रीमती शांति वर्मन निवासी अहिरगंवा बुढ़ार का एन.एच.-43 हाईवे पर मृत जानवर से टकराकर एक्सीडेंट होने तथा गंभीर घायल अवस्था में हाईवे पेट्रोलिंग टीम को मिलने पर उनके द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार एवं वाहन उपलब्ध कराकर जिला अस्पताल अनूपपुर उचित उपचार हेतु पहुँचाया गया। इस प्रकार, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दम्पत्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित सहायता एवं उचित उपचार देकर जीवन सुरक्षित किया गया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस महानिरीक्षक शहडोल ज़ोन द्वारा उत्साहवर्धन हेतु यातायात हाईवे चौकी, सांधा जिला अनूपपुर में कार्यरत सूबेदार विनोद दुबे, स030नि0 संजय श्रीवास एवं स030नि0 कोमल अरजिया प्रत्येक को नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया।

### जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना



### समिति की बैठक हुई

उमरिया। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए हितग्राहियों को भटकना नही पड़े इस बात पर विषेष ध्यान दिया जाए। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। सुगम जगहों पर कार्य करने को सफलता नही मानें, बल्कि दुर्गम जगहों पर कार्य करके सुविधाएं पहुंचाएं। धरती आबा योजना के तहत समस्त योजनाओं का लाभ संबंधित हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। उक्त आशय के निर्देष प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बैठक में सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जिले की तीनों विकासखंडो में 11 अमृत सरोवर लक्ष्य के विरुद्ध 9 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। खेत तालाब में 710 लक्ष्य के विरुद्ध 740 स्थल चयन किए गए है, 627 में तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है एवं 620 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। 426 कार्य प्रारंभ है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 तालाबों का जीर्णोध्दार किया गया है। पूर्व वर्षों के पूर्ण 116 अमृत सरोवरों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्य किये गए है।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को

उमरिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार उमरिया जिले में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। न्यायालय में लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरण के निराकरण हेतु तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं मानपुर को सम्मिलित करते हुये जिला उमरिया में कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया है। वर्तमान स्थिति में 1081 प्रकरण न्यायालयों से नेशनल लोक अदालत में रेफर किये गये है, तथा प्रिलिटिगेशन स्तर पर बैंक रिकवरी के 1673 प्रकरण, जलकर/संपत्तिकर के लगभग 150 प्रकरण है। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य यह है कि लोग सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय प्राप्त कर सके। इस हेतु प्रीलिटिगेशन स्तर पर बिजली चोरी एवं जलकर, संपत्तिकर के मामलों में नियमानुसार छूट का भी प्रावधान किया गया है।



### आदिगुरु शंकराचार्य के जन्मदिवस पखवाड़े पर व्याख्यानमाला

अनूपपुर। आदि गुरू शंकराचार्य जीवन एवं दर्शन व्याख्यानमाला का आयोजन जन अभियान परिषद विकासखंड अनूपपुर द्वारा शासकीय तुलसी महाविद्यालय में किया गयाआदि गुरू शंकराचार्य जी की जंयति प्रतिवर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है इस अवसर पर व्याख्यानमाला पखवाडें का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड अनूपपुर द्वारा एकात्म पर्व, शंकर जीवन दर्शन पर व्याख्यानमाला का आयोजन कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेला के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। आचार्य शंकर के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना,नगर पंचायत बरगवां के उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नीरज श्रीवास्तव व्यख्याता तुलसी महाविद्यालय, डॉ देवेंद्र तिवारी पी आर टी कॉलेज अनूपपुर उपस्थित रहे।

### तस्करों को पुलिस देखती रह गयी, कोतमा में कानून गायब, तस्कर बेलगाम!

# पशु तस्करों ने पुलिस को दी खुली चुनौती, जब्त वाहन चुरा ले गए



**विजय मत, अनूपपुर**

जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे कानून और पुलिस दोनों को ठेंगा दिखा रहे हैं। गौमांस और अवैध पिस्टल मिलने के बाद भी फरार चल रहे कुख्यात पशु तस्कर बल्लू और वाजिद ने अब पुलिस के जब्त पिकअप वाहन को मंगलवार बुधवार की रात चोरी कर लिया। यह वही वाहन था जिसे पुलिस ने पशु तस्करी में जब्त कर प्रजापति पेट्रोल पंप पर अपनी निगरानी में खड़ा किया था।

पूरे मामले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर ऐसा कैसे संभव है कि एक तरफआरोपी फरार हों, दूसरी तरफपुलिस की हिरासत में खड़े वाहन को वही तस्कर उठाकर ले जाएं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रह जाए।

#### तस्कर बेलगाम, पुलिस बेजुबान!

शुक्रवार-शनिवार की रात स्थित संतु ढाबा के पास एक मकान से गौमांस और अवैध हथियार मिलने के बाद कोतमा क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी बल्लू और वाजिद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीर बताया, पर उसी गंभीरता में ढिलाई का नतीजा जब्त वाहन की चोरी।

#### थाना प्रभारी का बयान बनाम जमीनी हकीकत

थाना प्रभारी सुंदरेष सिंह मरावी का कहना है कि वाहन को हवा निकालकर सुरक्षित खड़ा किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अब वाहन चोरी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है। मगर सवाल उठता है जब तस्कर पहले ही फरार हैं और पुलिस सिर्फ बयान दे रही है, तो कार्रवाई आखिर कब होगी।

#### जनता में आक्रोश, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा

इस पूरी घटना के बाद नगर में आक्रोश है। लोग सोशल मीडिया पर साफलिख रहे हैं कि कोतमा में अब कानून नहीं, तस्करों की सत्ता चल रही है। बल्लू और वाजिद जैसे तस्कर अगर पुलिस को आंखों में धूल झोंक सकते हैं, तो आम आदमी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा।क्या अब पुलिस से भी बड़ा हो गया है तस्करों का नेटवर्क क्या सत्ता संरक्षण मिल रहा है इन आरोपियों को।

## पुलिस लिखा वाहन बन गया शराब तस्करी का जरिया, फुनगा पुलिस ने 17.92 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी, तस्कर फरार

**विजय मत, अनूपपुर**

जिले में शराब माफिया अब इतने बेखौफ हो चुके हैं कि पुलिस लिखा वाहन भी तस्करी के लिए इस्तेमाल करने लगे हैं। फुनगा पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो (एमपी18टी2523) से 369 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी कुल कीमत ?2.72 लाख है। साथ ही वाहन और मोबाइल मिलाकर कुल जप्ती 17.92 लाख तक जा पहुंची है।

गौर करने वाली बात यह है कि जिस वाहन से शराब तस्करी हो रही थी, उस पर ÷पुलिस÷ लिखा हुआ था – जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि तस्करों का इरादा नाकों से बचकर निकलने का था। यह न सिर्फ दुस्साहस है, बल्कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर करारा तमाचा भी।




#### मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी, चालक अंधेरे में फरार

7 मई की रात पुलिस को सूचना मिली कि कोतमा की ओर से एक स्कॉर्पियो में शराब शहडोल की ओर ले जाई जा रही है। फौरन चौकी के सामने नाकाबंदी की गई। जैसे ही संदिग्ध वाहन दिखाई दिया, पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक गाड़ी कुछ दूरी पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

#### क्या मिला स्कॉर्पियो से

40 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब (हर पेटी में 50 पाव, 180 ) – 360 लीटर,1 पेटी रॉयल स्टेज (24 , 375) 9 लीटर,एक एंड्रॉइड मोबाइल – 20,000,स्कार्पियो वाहन की अनुमानित कीमत 15 लाख,कुल जप्त सामग्री की कीमत 17,92,480

एफआईआर दर्ज, आरोपी की तलाश जारी- थाना फुनगा में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 188/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब वाहन चालक और उसके नेटवर्क की तलाश में जुट गई है। जब अवैध कारोबार के लिए पुलिस नाम तक का इस्तेमाल किया जाने लगे, तो यह सवाल उठना लाजमी है – क्या शराब माफियाओं के हौसले कानून से ऊपर हो चुके हैं? पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के नेतृत्व में चलाया जा रहा अभियान इस तरह के दुस्साहसी नेटवर्क को कितना तोड़ पाएगा, यह आने वाला समय बताएगा।

## बरबसपुर डेंगरहा नाला में बोरी बंधान किया गया

**विजय मत, उमरिया**



प्रदेश के साथ साथ उमरिया जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। उमरिया जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ श्अपनी मिट्टी अपना जल आओ बनाए बेहतर कलश् का नवाचार आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण जल के एक एक बूंद का संवर्धन करने का संकल्प लें। बोरी बंधान जल संवर्धन के लिए एक अच्छा प्रयास है। जल और जंगल का संरक्षण सुरक्षित भविष्य के लिए आवष्यक है जिसका निर्वहन उमरिया जिले में बाखूबी हो रहा है। बोरी बन्धान हो जाने पर जहाँ जल स्त्रोत में वृद्धि होने पर यह पानी पशु पक्षियो के साथ ही ग्रामीण जनों के काम आएगा। बोरी बंधान हो जाने पर जल स्तर बढ़ेगा इसके साथ ही पेयजल संकट से भी मुक्ति मिलेगी। उक्त आशय के विचार प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने मानपुर जनपद पंचायत के बरबसपुर डेंगरहा नाला में आयोजित बोरी बन्धान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह, 326 जोड़े एक दूजे के हुए

**विजय मत, उमरिया**

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत लाखो बेटियों की शादी करा चुकी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने पिता के मस्तक से बिटिया की शादी की चिंता को समाप्त कर दिया है। अब घर जैसे वातावरण में बेटियों का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ने कॉलरी स्कूल परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर उनके विवाह तक की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। जन्म लेने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, छात्रवृत्ति, स्कूल जाने के लिए निशुल्क सायकल, गणवेश, विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संर्वागीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये दिए जा रहे है, उस राशि का उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाने में कर रही हैं। इसी तरह महिलाए स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्म निर्भर बन रही है। किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में नई नई तकनीकों एवं विधियों को ईजाद किया गया है, ताकि किसानों के लिए खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्रामो में पक्की सड़को जाल बिछाया गया है। नल जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल आम जनों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

## आदिवासी मजदूर को जान से मारने की धमकी देने वाले अब भी खुलेआम घूम रहे

### सीएम हेल्पलाइन में दो बार शिकायत के बावजूद नहीं मिला न्याय

**विजय मत, अनूपपुर**

पालिटेक्निक कॉलेज के पास निर्माण कार्य कर रहे एक आदिवासी मजदूर के साथ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को 6 महीने बीत चुके हैं, लेकिन न तो पुलिस ने कोई कार्यवाही की और न ही प्रशासन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लिया।

पीड़ित ने पहले अजाक थाना, अनूपपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने 3 मार्च 2025 को दोबारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित मजदूर ने बताया कि धमकी देने वाले स्थानीय रसूखदार हैं और उनकी ऊंची राजनीतिक पकड़ है। आरोप है कि शिकायत के बाद प्रशासन पर भोपाल से दबाव बनाकर मामला दबा दिया गया। पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है, जबकि धमकी देने वाले खुलेआम घूम रहे हैं।

#### धरने की तैयारी में पीड़ित

पीड़ित अब न्याय के लिए धरने पर बैठने की तैयारी कर रहा है। उसका कहना है कि छह महीने से मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है, परिवार डरा हुआ है और अब उसके पास सड़कों पर उतरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा।

#### प्रशासन और पुलिस की चुप्पी सवालों के घेरे में

इस मामले में जिला प्रशासन और पुलिस की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर गरीब आदिवासी को न्याय दिलाने में इतनी देरी क्यों? क्या रसूखदारों के दबाव में प्रशासन निष्क्रिय है?

### जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान का किया गया स्वागत

उमरिया। प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान का उमरिया जिले में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग, तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, दीपू छत्तवानी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जन जागरूकता को जरूरी बताया दिव्य मुस्कान महिला क्लब ने

**विजय मत, शहडोल**

शहडोल जिले की समाजसेवी संस्था दिव्य मुस्कान महिला क्लब की संस्थापक एवं वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता की अध्यक्षता में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक में सभी ने इस बातपर सहमति प्रगट की कि जलसंवर्द्धनऔर जल संरक्षण की दिशा में जन-जागरुकता नितांत आवश्यक है। पशु-पक्षियों के लिये जल की व्यवस्था में इस बार काफी लोग सामने आये जिनका प्रयास ना सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय है।क्लब ने कल्याणपुर हनुमान मंदिर परिसर में पिछले दिनों सीमेंट चेयर की व्यवस्था की जिसे हर तबके ने सराहा तथा सांझी रसोई समिति के पास जनहितार्थ डीप फ्रीजर कोबस स्टैण्ड से लगे हनुमान मंदिर में भी वॉटरकूल लगाने का एक नेक प्रस्ताव पारित किया। क्लब में श्रीमती नीति सिंघल ने सभी उपस्थित मेम्बर्स को सहज योग की महत्ता बतला कर प्राणायाम कराया वहीं वर्षा पांडे जी ने हरियाणवी सिंगर रेणुका पवार के शहडोल आगमन और एक ईवेंट को साकार करने की तैयारियों की विशेष जानकारी दी ब्लड डोनेशन कैंप एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्लब सदैव तत्पर है और आगे भी रहेगा।

उन्होंने बताया कि गंभीर रोग से प्रभावित एक परिवार को संस्था ने आर्थिक सहयोग देकर ईश्वर से प्रार्थना की कि वह उस परिवार पर कृपा करे।

क्लब ने पिछले कुछ समय से अपनी सामाजिक गतिविधियों में जो सक्रियता बढाई है उसी का नतीजा है कि लोगों की इस क्लब से अपेक्षायें भी बढीं हैं।

**जन सुनवाई**

### पर्यावरण, सीएसआर, रोजगार को लेकर लोगों ने खुल कर रखे अपने विचार

# एमबी पावर को परियोजना विस्तार के लिए जनसमर्थन मिला

**विजय मत, अनूपपुर**

बुधवार अनूपपुर जिले के लिये दोहरी खुशी का दिन बन कर सामने आया। भारतीय सेना ने शौर्य का परिचय देते हुए आपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के 9 आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करके देश के सुरक्षित और मजबूत हाथों में होने का ऐलान कर दिया तो वहीं दूसरी ओर जिला अन्तर्गत जैतहरी मे एमबी पॉवर ( मध्यप्रदेश) लिमिटेड के 2म800 मेगावाट के अतिरिक्त थर्मल पावर प्लांट इकाइयों हेतु जनसुनवाई का कार्य पूरा हुआ। लहरपुर स्थित शा. महाविद्यालय परिसर में प्रात~ लगभग दस बजे से शुरु हुए इस जनसुनवाई शिविर में जैतहरी, अनूपपुर सहित आसपास के सभी प्रभावित गाँवों से हजारों लोग शामिल हुए।

7 मई 2025 को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एमबी पावर (मध्यप्रदेश) लिमिटेड के प्रस्तावित थर्मल पावर विस्तार हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई अनूपपुर जिले में स्थित कपनी के वर्तमान 2×630 मेगावाट संयंत्र में अतिरिक्त 2×800 मेगावाट इकाइयों की स्थापना के प्रस्ताव को लेकर आयोजित की गई थी। जिसमें गुंआरी, अमगंवा, लहरपुर ,क्योंटार, हर्री, बर्री, भगतबांध, कांसा सहित अन्य गांवों के हजारों स्थानीय निवासियों ने अपने विचार रखते हुए नई इकाई के लिये अपना समर्थन जताया।



जनसुनवाई शासकीय महाविद्यालय, लहरपुर में आयोजित की गई, जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (रूश्वश्वस्न×ष्टष्ट) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न किया गया। जनसुनवाई में 10 किलोमीटर की परिधि के ग्रामीणों ने भाग लिया। कुछ प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरणीय प्रभाव, वायु गुणवत्ता, जल उपयोग और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर कंपनी से सवाल पूछे गये। कंपनी प्रतिनिधियों ने प्रदूषण नियंत्रण उपायों और सामुदायिक कल्याण पहलों के माध्यम से संतोषजनक उत्तर प्रदान किए। जबकि कुछ लोगों ने क्षेत्र में सीएसआर के कुछ अन्य कार्य करवाने की मांग की।

जहाँ अधिकांश ग्रामीणों ने रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में संयंत्र की भूमिका को सराहा, वहीं कुछ लोगों ने प्राकृतिक संसाधनों पर संभावित दबाव और वादों की स्थायित्वता को लेकर सतर्कता बनाए रखने की बात कही।

कुछ ग्राम प्रतिनिधियों ने कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं के कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग भी रखी।

वहीं स्थानीय वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने मौजूदा 2×630 रूङ्ख थर्मल पावर प्लांट में 2×800 रूङ्ख के कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के वृद्धि के लिए अपना पूर्ण रूप से समर्थन दिया, इन प्रतिनिधियों में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीजेपी वरिष्ठ नेता श्री अनिल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य, श्री भूपेंद्र सिंह, बीजेपी नेता श्री जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व नगर परिषद जैतहरी अध्यक्ष श्री राम अग्रवाल, नगर परिषद जैतहरी के उपाध्यक्ष एवं बीजेपी नेता श्री रवि राठौर शामिल रहे। कार्यक्रम का समग्र माहौल सकारात्मक रहा। यह जनसुनवाई परियोजना स्वीकृति प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसके पश्चात अब एमबी पावर से अपेक्षा की जा रही है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह से निभाएगा।

## बाउचर ने शुरुआत में मेरी सहायता की थी: विराट



**बेंगलुरु।** आईपीएल में आजकल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की ओर से शानदार बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली ने कहा है कि पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज मार्क बाउचर ने एक समय उनकी सहायता की थी। विराट के अनुसार फ्रैंचाइजी के साथ आईपीएल के शुरुआती सत्र में उन्हें शॉर्ट गेंदों को खेलने में परेशानी आ रही थी। जिसे दूर करने में बाउचर आगे आये थे। विराट ने कहा कि बाउचर इस मानसिकता के साथ आए थे कि वह भारतीय खिलाड़ियों की सहायता करने जा रहे हैं। बाउचर ने उनसे कहा था कि अगर वह सभी प्रारूपों में भारत के लिए नहीं खेलते हैं तो वह खुद को ही नुकसान पहुंचाने जैसा होगा। कोहली ने कहा, इसलिए उन्होंने पता लगाया कि मेरी कमजोरियां क्या हो सकती हैं। साथ ही कहा कि अगर मैं अगले स्तर पर जाना चाहता हूं, तो मुझे अपनी कमजोरियों को ठीक करन होगा। इसके बाद वह मुझे नेट्स पर ले गए। इसके बाद उन्होंने कहा कि तुम्हें शॉर्ट बॉल पर काम करने की जरूरत है। अगर तुम गेंद को खींच नहीं सकते तो कोई भी तुम्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका नहीं देगा। और मुझे याद है कि हम चेन्नई या कोलकाता में एक मैच खेल रहे थे, जहां उन्होंने मुझसे कहा था कि जब मैं चार साल बाद भारत में कमेंट्री करने आऊंगा, तो अगर मैं तुम्हें भारत के लिए खेलते हुए नहीं देखूंगा, तो मानूंगा कि तुमने अपने को ही नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बाउचर के साथ उनकी बातचीत ने उन्हें हैरान किया इससे उन्हें बेहतर करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, उन शुरुआती सालों में उनका मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव था। मैं अपनी क्षमताओं को लेकर बहुत यथार्थवादी था। क्योंकि मैंने बहुत से अन्य लोगों को खेलते देखा था।

## गिलक्रिस्ट ने की अर्शदीप की तारीफ



**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे बांए हाथ के युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। गिलक्रिस्ट ने अर्शदीप को विश्व स्तर का गेंदबाज़ बताया और कहा कि वह लगातार बेहतर होते जा रहे हैं और किसी भी प्रकार के हालातों में मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं अर्शदीप की परिपक्वता और आत्मविश्वास से काफी प्रभावित हूं। जिस तरह से वह दबाव में गेंदबाज़ी करता है, खासकर डेथ ओवर्स में, वो किसी भी विश्व स्तर के गेंदबाज से कम नजर नहीं आत है। अर्शदीप ने इस सीज़न में अपनी लाइन और लेंथ से बल्लेबाज़ों के लिए परेशानी खड़ी की है। वह ना सिर्फ विकेट लेने में सफल रहे हैं, बल्कि रनों पर भी अंकुश लगाने में सफल रहे हैं। इस गेंदबाज ने इस सत्र में खेले 10 मैचों में अब तक 16 विकेट लिए है। गिलक्रिस्ट के इस बयान से अर्शदीप को मनोबल और बढ़ना तय है। अर्शदीप अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से पर्पल कैप की रेस में शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल हैं। इससे पहले टी20 विश्वकप में भी इस युवा गेंदबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

# डेथ ओवरों में रन बनाने में स्टब्स सबसे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दक्षिण अक्रीकी बल्लेबाज बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में डेथ ओवरों के गेंदबाजों की मुसीबत बने हुए हैं। इसी कारण स्टब्स को इस सत्र का सबसे बेहतर फिनिशर कहा जा रहा है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। स्टब्स ने आईपीएल 2024 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा रन अंतिम ओवरों में ही बनाए हैं। मैच फिनशर की भूमिका ट्रिस्टन स्टब्स अच्छे से निभा रहे हैं। पिछले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे थे पर अब मुंबई इंडियंस की टीम में हैं। आईपीएल 2024 से इस बार तक 16 से 20 ओवर में सबसे ज्यादा रन ट्रिस्टन स्टब्स ने बनाए हैं। इतना ही नहीं उनका स्ट्राइक रेट भी सबसे अधिक है।

चैम्पियंस लीग फुटबॉल



मिलान में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए इंटर मिलान और एफसी बार्सिलोना के खिलाड़ी।

# गंभीर दो पूर्व कप्तानों पर भड़के बोले भारतीय क्रिकेट को निजी जागीर समझ रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि जो शीशे के घरों में रहते हैं उन्हें किसी और पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिये। गंभीर ने किसी का नाम नहीं लेते हुए दो पूर्व कप्तानों पर तंज कसा है। गंभीर ने इन दो पूर्व दिग्गजों पर भारतीय क्रिकेट को अपनी 'निजी जागीर' समझने का भी आरोप लगाया है।

गंभीर ने कहा, 'मैं आठ महीने से काम में लगा हूं इसके बाद अगर परिणाम नहीं आते हैं तो आलोचना होनी चाहिये पर कुछ लोगों का काम ही आलोचना करना है। साथ ही कहा कि ऐसे लोग भी हैं जो 25 साल से कमेंट्री बॉक्स में बैठे हैं और उन्हें लगता है कि भारतीय क्रिकेट उनकी निजी जागीर है पर भारतीय क्रिकेट किसी की निजी संपत्ति नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों की है। इन लोगों ने मेरी कोचिंग, मेरे रिकॉर्ड से लेकर सिर में लगी चोट और चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि तक में सवाल उठाए थे। मुझे किसी को यह बताने की जरूरत नहीं है कि मैंने कहां पैसा खर्च किया है और कहां निवेश किया है लेकिन इस देश को यह पता होना चाहिए कि ऐसे खिलाड़ी एनआरआई हैं जो भारत में कमाते हैं और पैसा बाहर ले जाते हैं। मैं 180 दिन बिताने के लिए 11ः55 बजे भारत नहीं आता। मैं एक भारतीय हूं। मैं टैक्स बचाने के लिए कभी एनआरआई नहीं बनूंगा।'

गौरतब है कि भारत के एक पूर्व मुख्य कोच ने साल 2011 में इंग्लैंड के हाथों टीम की 0-4 से हार के दौरान गंभीर की सिर पर लगी चोट को सामान्य बताया था। जहां तक ??चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि का सवाल है तो यह भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर थे, जिन्होंने कहा था कि क्या गंभीर भी पूर्व कोच राहुल द्रविड़ की तरह सहयोगी स्टाफ के साथ अपनी प्राइज मनी बराबर बाटेंगे? गंभीर ने टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के साथ अपने मतभेदों को लेकर चल रही अटकलों को भी अधारहीन बताया है।

# धोनी के कारण अनकैप्ड खिलाड़ी नियम में बदलाव से नाराज हैं गावस्कर

**मुम्बई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि इस आईपीएल सत्र से पहले महेन्द सिंह धोनी के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी नियम में जो बदलाव किया गया था वह सही नहीं था। गावस्कर के अनुसार इससे खेल को नुकसान हुआ है। इस नियम के अनुसार पांच या उससे ज़्यादा साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले खिलाड़ियों को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर चार करोड़ रुपये में बरकरार रखा जा सकता है। इसी नियम के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम धोनी को शामिल करने में सफल रही। गावस्कर का कहना है इससे नये अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी चार करोड़ की बड़ी रकम मिल रही है जो नहीं दी जानी चाहिये। गावस्कर ने कहा है कि इतनी अधिक कीमत मिलने से युवा, अनकैप्ड खिलाड़ियों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पूर्व कप्तान ने कहा, भारतीय क्रिकेट किसी भी खिलाड़ी के जाने से थोड़ा दुखी होता है, चाहे वह सफल रहा हो या असफल।

## ट्रेनर की सलाह पर ध्यान दें भारतीय फुटबॉलर: एडमिल्सन

**मुम्बई।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर जोस एडमिल्सन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बेहतर बनने के लिए ट्रेनर की सलाह पर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिये। एडमिल्सन रियाल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना की ओर से भी खेले हैं। एडमिल्सन के अनुसार फुटबॉल प्रबंधन को ये भी देखना चाहिये की खिलाड़ी क्या चाहते हैं। एडमिल्सन ने कहा, ''एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बनने की तकनीक हासिल करने से पहले कई तरह की चीजों को सीखना होता है। इसलिए खिलाड़ियों को ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना होगा और देखना होगा कि वे क्या चाहते हैं।'' ब्राजील की 2002 विश्व कप विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य रहे इस खिलाड़ी ने कहा, ''एक अच्छा खिलाड़ी बनाने से पहले उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना होगा और यह बहुत अहम है। कई जगहों पर बच्चे खिलाड़ी बनने का सपना देखते हैं पर उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनका समाधान करना होगा। '' पेपे अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी की तुलना में पुर्तगाल टीम के उनके साथी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अच्छा डिफेंडर मानते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम लेना होगा क्योंकि मैं उनके साथ ट्रेनिंग करता हूं। मुझे पता है कि उनके खिलाफ कितना कठिन है। '' उन्होंने कहा, ''क्रिस्टियानो एक ऐसे फुटबॉलर रहे हैं जिन्होंने संघर्ष किया है और रियाल मैड्रिड को बहुत कुछ दिया है।

# बिजनेस

# सोने-चांदी की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने की कीमतें 0.74 फीसदी नीचे आकर 96,772 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयीं जबकि चांदी की कीमतों में 0.20 फीसदी की कमी आई है, ये 96,504 रुपए प्रति किग्रा पर आ गयीं।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,400 रुपए बढ़कर 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 2,400 रुपए बढ़कर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 96,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था।चांदी की कीमतें भी 1,800 रुपए बढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बाजार प्रतिभागियों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व की वाली बैठक के परिणामों और फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर रहेगा।

### एक कंपनी यात्री वाहन तो दूसरी कमर्शियल वाहनों का करेगी कारोबार

# अब दो हिस्सों में बंट जाएगी टाटा मोटर्स, शेयरहोल्डर्स की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




टाटा मोटर्स ने कहा कि उसके शेयरहोल्डर्स ने कंपनी को दो हिस्सों में बांटने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत अब टाटा मोटर्स दो अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में बंट जाएगी। एक कंपनी यात्री वाहन का कारोबार संभालेगी तो दूसरी कमर्शियल वाहनों का। टाटा मोटर्स ने मार्च 2024 में ही इस बंटवारे का प्रस्ताव रखा था। कंपनी का कहना था कि इससे दोनों कारोबारों को अलग-अलग फोकस मिलेगा और ग्रोथ के बेहतर मौके बनेंगे।

यात्री वाहन वाले हिस्से में कंपनी की लग्ज़री ब्रांड जगुआर लैंड रोवर भी शामिल होगी, जो कंपनी की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाला ब्रांड है। इस प्रस्ताव को शेयरहोल्डर्स ने करीब सर्वसम्मति से मंज़ूरी दी है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक इस प्लान के पक्ष में 99.9995 फीसदी वोट पड़े। बंटवारे के बाद हर शेयरहोल्डर को दोनों नई कंपनियों में बराबर हिस्सेदारी मिलेगी।

इसका मतलब ये है कि अब टाटा मोटर्स के यात्री और कमर्शियल वाहन बिज़नेस अलग-अलग लिस्टेड कंपनियां बन जाएंगे, जिनके अपने अलग बोर्ड, रणनीति और फोकस होंगे। इससे इन दोनों क्षेत्रों में तेज़ी से विकास की संभावना बढ़ेगी। इस खबर के बाद मंगलवार को बाजार खुलते ही टाटा मोटर्स के शेयरों में 6 फीसदी का उछाल आया और वे 675 रुपए पर पहुंच गया। सुबह 10 बजे बीएसई पर कंपनी के शेयर 3.29 फीसदी की बढ़त के साथ 669.10 रुपए पर ट्रेड कर रहे थे।

# ट्रंप के आदेश का भारतीय दवा निर्यात पर नहीं पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा देने और दवा संयंत्रों को मंजूरी देने में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से एक आदेश पारित किया हैं। भारत, अमेरिका में दवा का प्रमुख निर्यातक देश है। मीडिया रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों और विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप के इस कदम से भारतीय फार्मा निर्यातकों पर सीधा असर नहीं पड़ेगा।

फार्मा कंपनियों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में विनिर्माण का विस्तार करने का फैसला रणनीतिक फैसला है और यह कुछ खास उत्पादों पर निर्भर करेगा। एक प्रमुख फार्मा कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी ने कहा कि ज्यादा मार्जिन वाले या उन उत्पादों के लिए जहां किसी भारतीय कंपनी ने सह-विकास और मार्केटिंग के लिए अमेरिकी भागीदार बनाया है, वह अमेरिका में विनिर्माण इकाई शुरू करने पर विचार कर सकती है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में विनिर्माण इकाई खोलने का फैसला कंपनियों और उत्पादों के हिसाब से अलग हो सकता है। यह व्यवहार्यता पर निर्भर करेगा। उन्होंने साफ कहा कि फिलहाल उनकी कंपनी की ऐसी कोई योजना नहीं है। फार्मा उद्योग के एक दिग्गज ने कहा कि अमेरिका का घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि हर देश रोजगार पैदा करना और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना चाहेगा। मुझे नहीं लगता कि इससे भारतीय निर्यातकों पर कोई असर पड़ेगा। हम व्यवहार्यता के आधार पर अमेरिका में उत्पादन स्थानांतरित करने का फैसला लेंगे।

ट्रंप ने अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन को सुविधाएं ऑनलाइन होने से पहले शुरुआती सहायता प्रदान करने के लिए घरेलू विनिर्माताओं के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया है। विदेशी उत्पादकों के लिए स्वास्थ्य नियामक को एपीआई स्रोत रिपोर्टिंग में सुधार करने के लिए कहा गया है।

### पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक का बाजार पर नहीं दिखा असर

# सेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 पर बंद, निफ्टी भी चढ़ा

**मुम्बई, एजेंसी**

पाकिस्तान और क्ष्क्ष्य के भीतर देर रात की गई एयर स्ट्राइक का असर शेयर बाजार पर नहीं दिखा। बुधवार, 7 मई को सेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 35 अंक की तेजी रही। ये 24,414 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी देखने को मिली। टाटा मोटर्स का शेयर 5.20 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस, जोमैटो, अडाणी पोट्र्स सहित कुल 8 शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। जबकि, एशियन पेंट्स में 4 प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, ITC, 2 प्रतिशत नेस्ले और रिलायंस में 2 प्रतिशत तक की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.66 प्रतिशत, रियल्टी में 1.12 प्रतिशत, मीडिया में 1.06 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं, स्स्स्ष्ट्ठ और फार्मा में मामूली गिरावट है।

### पाकिस्तानी बाजार 3.13 प्रतिशत टूटा



भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी जारी है। कल यानी 6 मई को विदेशी निवेशकों ने 3,794.52 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। जबकि घरेलू निवेशकों ने इस दौरान -1,397.68 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। कल यानी मंगलवार, 6 मई को सेंसेक्स 156 अंक गिरकर 80,641 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,380 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 गिरकर बंद हुए। जोमैटो का शेयर 3.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 2.09 प्रतिशत, SBI का 2.01 प्रतिशत, अडाणी पोट्र्स और NTPC का 1.96 प्रतिशत नीचे बंद हुए। वहीं, महिंद्रा, एयरटेल, नेस्ले इंडिया, ॥रु और टाटा स्टील के शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 गिरकर बंद हुए हैं। हृस्श्च का सरकारी बैंकों का इंडेक्स 4.84 प्रतिशत, रियल्टी इंडेक्स 3.58 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 1.79 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.68 प्रतिशत और मीडिया 1.51 प्रतिशत गिरकर बंद हुए।

# केरल में ईवी चार्जिंग पर नया नियम, रात में चार्ज करने पर होगा 30 फीसदी अधिक खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केरल राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग को लेकर एक नया नियम लागू किया गया है, जिसके तहत अब रात के समय चार्ज करने पर ईवी मालिकों को 30फीसदी अधिक भुगतान करना होगा। केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने यह बदलाव किया है, जिसका असर पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों पर पड़ेगा। इस नए नियम के मुताबिक ईवी चार्जिंग को दो टाइम जोन में बांटा गया है। सोलर पीरियड, जो सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक होता है, में चार्जिंग करने पर 30फीसदी कम टैरिफ देना होगा। इसका मतलब है कि इस समय अगर चार्जिंग के लिए 100 रुपये खर्च होते थे, तो अब वही 70 रुपये में हो जाएगा। इसके विपरीत, नॉन-सोलर पीरियड यानी शाम 4 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक चार्जिंग करने पर 30फीसदी ज्यादा खर्च होगा। इससे यह तय हो गया है कि रात के समय चार्जिंग पर ईवी मालिकों को अधिक भुगतान करना पड़ेगा।

यह नया टैरिफ पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर लागू होगा, जबकि घरेलू चार्जिंग पर इसका कोई असर नहीं होगा। फिलहाल यह नियम केरल में लागू किया गया है, लेकिन भविष्य में इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। चार्जिंग कंपनियों को भी अब एक नई चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यदि वे दिन के समय सोलर ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पाते, तो उन्हें नुकसान हो सकता है, क्योंकि शाम के समय उपयोग की गई बिजली का क्रेडिट उन्हें नहीं मिलेगा।

इस बदलाव से ईवी मालिकों को चार्जिंग की योजना बनाते समय अब समय का भी ध्यान रखना होगा। जो लोग दिन में अपनी कार चार्ज कर सकते हैं, उनके लिए यह फायदा होगा, जबकि जो लोग रात में चार्ज करते थे, उन्हें अब अधिक खर्च करना होगा। सरकार का उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना और ग्रिड पर दबाव कम करना है, जिससे यह बदलाव किया गया है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा, मण्डल ने जारी किये दिशा-निर्देश

**भोपाल।** सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 मई से फार्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेब साइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।

### भारतीय सेना ने शक्ति, कुशल नेतृत्व और नागरिक सुरक्षा की प्रतिबद्धता का दिया परिचय:देवड़ा

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आंतकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आंतकवादी ठिकानों को नष्ट कर भारतीय सेना ने शक्ति, कुशल नेतृत्व, क्षमता और नागरिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दुनिया को दिया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि भारतीय सेना की एयर स्ट्राईक से पूरे देश में प्रसन्नता का वातावरण है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आंतकवादी हमले में पीड़ितो को न्याय दिलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि बदला धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर किया गया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री मोदी एवं देश के साथ खड़े है।

### बिजली कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर ब्याज दर तय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर वार्षिक ब्याज दर तय कर दी गयी हैं। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास की 91वीं बैठक में लिए गए निर्णय के बाद जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास के वित्तीय वर्ष 2024-25 में सेवारत/दिवंगत अथवा सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर 9.50 प्रतिशत (साढ़े नौ प्रतिशत) वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रावधिक रूप से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से भुगतान किया जाएगा।

### नरसिंहपुर जिले के सॉईखेडा, सालीचौका और चिचली में जल प्रदाय कार्य

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा नरसिंहपुर जिले के सॉईखेडा, सालीचौका और चिचली में जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना से इन तीनों कस्बों की 44,000 से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा। जलप्रदाय परियोजना की लागत लगभग 52 करोड़ 80 लाख रुपए है। परियोजना में मध्यप्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली माँ नर्मदा नदी पर 6.50 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र स्थापित किया गया है। इससे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। परियोजना के अन्?तर्गत व्?यापक वितरण नेटवर्क बिछाया गया है। इसमें सॉईखेडा में 33 किलोमीटर, सालीचौका में 41 किलोमीटर और चिचली में 40 किलोमीटर पाइप लाईन बिछाई गयी है। जल संग्रहण के लिए सॉईखेडा में 2 और चिचली में भी 2 ओवर हेड टैंक निर्मित किए गए हैद्घ तीनों कस्?बों में नागरिकों को प्रस्तावित कनेक्शन 7232 में से अब तक 6348 प्रदान किए जा चुके हैं। पेयजल परियोजना से हर घर तक पाइपलाइन के जरिए शुद्ध जल पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। अब तक परियोजना का 86 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा संचालित यह परियोजना हर घर जल संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले वर्षों में शहरी जीवन की गुणवत्ता में स्थायी परिवर्तन लाने में सफल होगा।

### नेशनल लोक अदालत 10 को, निगम के वार्ड-जोन कार्यालयों में लगेंगे शिविर

**भोपाल।** माननीय सदस्य सचिव राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश में शनिवार, 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन निर्धारित किए जाने के तारतम्य में उक्त दिनांक को नगर निगम, भोपाल के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जाएगा और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश में निहित निर्देशों अनुसार सम्पत्तिकर व जलदर के अधिभार (सरचार्ज) में शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन छूट प्रदान की जाकर सम्पत्तिकर@जलदर के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने नेशनल लोक अदालत शिविरों हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने और देयक@मांग पत्र तामील कराने एवं नेशनल लोक अदालत शिविर आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर संपत्तिकर, जलउपभोक्ता प्रभार आदि के बकायादारों से बकाया राशियों की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही आम नागरिकों से अपील की कि वह अपने सम्पत्तिकर एवं जलदर से संबंधित प्रकरणों के अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ उठाए और अपने जोन@वार्ड कार्यालय पर सम्पत्तिकर@जलदर के प्रकरणों का निराकरण कराए। नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये बकाया है उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपये तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट एवं 1 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

---

### पोर्टल से जल आपूर्ति, मात्रा और गुणवत्ता मापदंडों का किया जायेगा नियमित मूल्यांकन

# मंत्री उइके ने जल दर्पण पोर्टल एवं शिकायत निवारण कॉल-सेंटर का किया शुभारंभ

**विजय मत, भोपाल**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने जल दर्पण पोर्टल तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में पेयजल योजनाओं की निगरानी और हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है।

मंत्री उइके ने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत से भी विभाग अवगत होगा। इससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, जबावदेही और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं की कव्हरेज और कार्यशीलता की वास्तविक समय में निगरानी करने, हितग्राहियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने, सेवा वितरण की गुणवत्ता मापने, समस्याओं की पहचान करने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। राज्य स्तर पर स्थापित कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा और नागरिक संतुष्टि को प्राथमिकता देगा।



मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहाँ जल जीवन मिशन की पूर्ण योजनाओं की गतिविधियों का स्वतः फीडबैक लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इससे अब प्रदेश में जल आपूर्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति का डाटा सुलभ होगा, जिससे बंद पड़ी योजनाओं की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

प्रदेश में जल जीवन मिशन में अब तक 111.77 लाख ग्रामीण परिवारों में से 77.12 लाख परिवारों (69 प्रतिशत) को नल से जल प्रदाय सुनिश्चित किया जा चुका है। देश का पहला %हर घर जल% जिला बनने का गौरव बुरहानपुर को प्राप्त हुआ है। निवाड़ी जिले के सभी ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध करा कर 'हर घर जल' जिला घोषित किया जा चुका है। इंदौर जिले के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इंदौर को भी 'हर घर जल' जिला घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अति महत्वाकांयोजना जल जीवन मिशन को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में एकल ग्राम नल-जल योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने और सुशासन आधारित सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। जल दर्पण पोर्टल और शिकायत निवारण प्रणाली इसी दिशा में उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है।

---

### स्वास्थ्य विभाग को कृषि विभाग जैसी ऊंचाई पर लाने का करें कार्य

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सागर को पानीदार बनाएं, जल स्रोतों को करें पुनर्जीवित : शुक्ल

- 3 हजार डॉक्टर सहित स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार भर्ती होगी



**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री एवं सागर ज़िले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सागर को पानीदार सागर बनाएं। पुराने जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य करें। सागर का जैसा नाम है वैसा इसका काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान में बुंदेलखंड सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जल संरक्षण, संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल सागर जिले के बीना में जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब के जीर्णोधार कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज की सुबह गौरव वाला प्रकाश लेकर आई है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सेना के जवानों ने हमारे देश की बहन बेटियों का सिंदूर छीनने वाले आतंकवादियों के ठिकानों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को फ्री हैंड दिया और कहा कि आप कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि जो हमें छेड़ेगा हम उसको छोड़ेंगे नहीं और आज यही किया गया है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सागर कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर जिले में अभिनव काम किया है। उन्होंने तालाबों का सीमांकन कर मुंडेर बनवाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया है एवं संपूर्ण राजस्व भूमि को राजस्व के रिकॉर्ड में दर्ज कराया है, यह सराहनीय है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आह्वान किया कि जल संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है इसके माध्यम से सभी शासन प्रशासन के साथ मिलकर पानी को रोकने का कार्य करें और पानी को व्यर्थ न बहने दें। उन्होंने कहा कि सभी रिचार्ज पिट बनाएं, अपने अपने मकानो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएं, पुराने जल स्रोतों, नदी, नालों, बावड़ियों, तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में आज सागर जिला छठवें नंबर पर हैं आप सभी प्रयास करें कि अभियान पूरे होते-होते सागर जिला पहले नंबर पर आ जाए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में डॉक्टरों की एवं पैरामेडिकल मैनपॉवर की कमी को दूर करने के लिए 3 हज़ार डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य विभाग में 30 हज़ार सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की भर्ती का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि विभाग जिन ऊंचाइयों पर है उसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग भी इस ऊंचाई पर रहे हम सभी को इस प्रकार का कार्य करना चाहिए। सरकार के पास पैसों और संसाधनों की कमी नहीं है, आप सभी के सहयोग से सभी कार्य पूरे होंगे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सागर जिले में तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए उनके चारों तरफ सीमांकन कराकर मुंडेर बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे हमारे तालाब सुरक्षित होंगे और भविष्य में इस पर अतिक्रमण नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 80 हेक्टेयर से अधिक जमीन तालाबों से अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवीन खेत तालाब, फूट फॉरेस्ट के कार्य भी किए जा रहे हैं। विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

---

# अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों का मॉडिफिकेशन और शिफ्टिंग कार्य पूर्णः मंत्री तोमर

- 79 लाख की लागत से सीप नदी क्षेत्र में स्थापित किए गए छह विशेष तकनीक के टॉवर



**विजय मत, भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि वर्ष 2021 में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित श्योपुर जिले के सीप नदी क्षेत्र में अंतर्राज्यीय 132 केवी श्योपुर-सबलगढ़ टेप-खंदार (राजस्थान) डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों के संशोधन एवं स्थानांतरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य विद्युत पारेषण व्यवस्था को बाढ़ जैसी आपदाओं में भी सुदृढ़ और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत पुराने टॉवरों के फाउंडेशन को विशेष आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्मित किया गया तथा कुछ टॉवरों को नदी के समीप सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर नये टॉवर लगाये हैं। इस कार्य में 79 लाख रुपये की लागत आई है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा बनाए गए छह नए टॉवर विशेष डिज़ाइन के फाउंडेशन पर आधारित हैं, जो भविष्य में बाढ़ जैसी आपदाओं का प्रभाव सहन करने में सक्षम होंगे।

तोमर ने कहा कि यह परियोजना न केवल राज्य की विद्युत प्रणाली को सशक्त बनाएगी, बल्कि आपदा प्रबंधन और आधारभूत ढांचे की मजबूती का भी प्रमाण है। उन्होंने एमपी ट्रांसको के प्रयासों की सराहना की।

#### ऊँचाई में वृद्धि और विशेष तकनीक का उपयोग

एमपी ट्रांसको, ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ और डैम ओवरफ्लो के कारण 132 केवी शिवपुरी-सबलगढ़ टेप-खंदार ट्रांसमिशन लाइन के छह टॉवर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। साथ ही अंतर्राज्यीय विद्युत का आदान-प्रदान भी प्रभावित हुआ था। एम. पी. ट्रांसको द्वारा भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव के लिये स्पेशल ओपन कास्ट फाउंडेशन तकनीक का उपयोग करते हुए टावरों का पुनर्निर्माण, संशोधन और स्थानांतरण किया गया है। शर्मा ने यह भी बताया कि सीप नदी के जलभराव की आशंका को देखते हुए तहसील मानपुर के ग्राम कोटरा क्षेत्र में टॉवरों की ऊँचाई बढ़ाई गई है। साथ ही नदी के कटाव से सुरक्षा के लिए कुछ टॉवरों को नए स्थानों पर स्थापित किया गया है।

---

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बोले-

# पटवारी पूरा देश एकजुट, नेता प्रतिपक्ष ने सेना को किया सैल्यूट

**विजय मत, भोपाल**

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में जश्न का माहौल है। मध्य प्रदेश में भी लोग खुशियां मना रहे हैं मिठाइयां बांट रहे। इस ऑपरेशन को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पटवारी ने कहा है कि देश आज गर्व कर रहा है। सेना ने जो कार्रवाई की है, वह गर्व की बात है। हम सब एक जुट हैं, पूरा देश एक जुट है। ये कार्रवाई पूरे विश्व के लिए एक संदेश है। भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने वीडियो जारी कर कहा



कि सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा हमें हमारी इंडियन आर्मी पर गर्व है। हम अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। आज पूरा देश सेना के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। और पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ़ भारत के इस निर्णय में उसके साथ है।

जीतू पटवारी ने कहा कि भारत ने उसे उसी की भाषा में जवाब दिया है, ये पूरे विश्व के लिए एक संदेश है कि भारत माता की धरती पर, भारत की आन-बान-शान पर प्रहार करेगा, वो दुनिया के किसी भी कोने में छोड़ा नहीं जाएगा। पूरा देश एकजुट है, एक साथ है, सेना ने जो कार्रवाई की इससे पूरे देश में हर्ष है। पाकिस्तान की जो ये नफरत वाली नीति है, जो घृणा की नीति है, अब उसको अपने गिरेबान में झांकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जो नफरत उसने फैलाई, उससे ना उसका भला होगा, ना उसके नागरिकों का। एक तरह उसे नफरत की नीति की राजनीति से बचना चाहिए।

---

# डीएनए जांच में महिला के ही सैंपल मिले, स्कूल संचालक और टीआई को हाईकोर्ट से राहत

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**

भोपाल स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के संचालक मिनी राज मोदी और पुलिस विभाग में टीआई के पद पर पदस्थ प्रकाश सिंह राजपूत को पॉक्सो, बलात्कार सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद दोनों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने डीएनए प्रोफाइल रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए पाया कि जांच के लिए भेजे गए सैंपल में केवल महिला डीएनए प्रोफाइल मिली है, पुरुष डीएनए (वाई क्रोमोसोम) का कोई अंश नहीं मिला।



दरअसल, भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, आठ वर्षीय एक बच्ची, जो ज्ञान गंगा स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी, उसकी मां ने स्कूल प्रबंधन और टीआई पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला ने 28 अप्रैल 2024 को स्कूल में फोन किया, तब बताया गया कि बच्ची सो रही है। शाम को जब बात हुई तो बच्ची रो रही थी। वीडियो कॉल के दौरान बच्ची कुछ बताना चाहती थी, लेकिन वार्डन ने कॉल काट दी। अगले दिन जब महिला बच्ची को लेकर बाहर घूमने गई, तब बच्ची ने बताया कि वार्डन ने जबरन खाना खिलाया और उसके बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर उसने खुद को एक अलग कमरे में पाया, जहां वह घायल अवस्था में थी। बच्ची के प्राइवेट पार्ट से खून आ रहा था और उसके कपड़े गंदे थे। महिला ने डॉक्टर को दिखाने के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। आरोप यह भी था कि टीआई प्रकाश सिंह राजपूत ने एफआईआर दर्ज न कराने का दबाव बनाया था।

1 मई 2024 को स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई जांच में किसी प्रकार की बाहरी चोट नहीं पाई गई। केवल लेबिया माइनोरा पर हल्की लालिमा थी और कोई रक्तस्राव नहीं था। 10 मई को हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा विस्तृत मेडिकल जांच की गई, जिसमें बल प्रयोग का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला।

---

**खास-खबर** भविष्य में भी मेहनत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने लक्ष्य को करें हासिल

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राओं से की बात

**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉल से माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 और 12वीं की टॉपर छात्राओं से बात कर उन्हें बधाई दी। मंत्री सिंह ने कहा कि हायर सेकण्डरी बोर्ड की परीक्षा में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु. प्रियल द्विवेदी ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। शिक्षा मंत्री ने कु. प्रियल से उनकी परीक्षा में की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली।



### हाई स्कूल की टॉपर छात्रा प्रज्ञा से भी बात

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने वीडियो कॉल से कक्षा 10 हाई स्कूल परीक्षा की टॉपर सिंगरौली की कु. प्रज्ञा जायसवाल से भी बात की। उन्होंने कहा कि 500 अंक में से 500 अंक प्राप्त कर प्रज्ञा ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से देशभर के बच्चों को प्रोत्साहन मिला है। मंत्री सिंह ने छात्रा कु. प्रज्ञा से उनके भविष्य की योजना में बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का परीक्षाफल काफी बेहतर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से भी दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों ही छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

---

# शहर में आपात स्थिति से निपटने के लिए की गई मॉक ड्रिल की रिहर्सल

- हमले की स्थिति में फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया, घायलों को निकाल अस्पताल पहुंचाया

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश के 5 शहरों में बुधवार को मॉक ड्रिल के दौरान भोपाल में भी कई स्थानो पर यह मॉक ड्रिल की गई। इसमें सबसे पहले पुलिस लाइन नेहरू नगर में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की रिहर्सल की गई। इस दौरान बताया गया कि हमले या आपदा के दौरान कैसे घायलों को प्राथमिक उपचार दिया जाए और उन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जाए। ड्रिल के दौरान सीपीआर देना भी सिखाया गया। एक नकली हमले की स्थिति में घर में आग लगने का दृश्य दिखाया गया, जहां फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया और घायलों को सुरक्षित निकाला। मॉक ड्रिल के दौरान डीबी मॉल में आयोजित फायर ड्रिल में आगजनी की स्थिति में त्वरित अग्निशमन एवं घायलों की सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। सभी को सरोजनी नायडू महाविद्यालय में स्थापित अस्थायी अस्पताल में उपचार दिये जाने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com